


दैनिक

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -19 जबलपुर, रविवार 16 फरवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


### छत्तीसगढ़ से महाकुंभ जा रहे श्रद्धालु हादसे का शिकार

## बोलेरो और बस की टक्कर में 10 की मौत, 19 गंभीर




लखनऊ. मिर्जापुर-प्रयागराज हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ है. यहां एक बोलेरो और बस के बीच भिड़ंत हो गई. इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 घायल बताए जा रहे हैं. हादसा इतना भयानक था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और चारों तरफ चीख-पुकार मच गई.

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर रात मिर्जापुर-प्रयागराज हाईवे पर एक कार और बस की टक्कर हो गई, जिससे 10 लोगों की मौत हो गई. डीसीपी (यमुनानगर) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ से बोलेरो और बस श्रद्धालुओं को लेकर महाकुंभ जा रही थी. यह हादसा शुक्रवार रात करीब 12 बजे प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर मेजा थाना क्षेत्र में हुआ. शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्वरूप रानी मेडिकल अस्पताल ले जाया गया है. आगे की प्रक्रिया अभी जारी है.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिर्जापुर-प्रयागराज हाइवे पर हुए सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं. सीएम योगी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है. मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं. इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है.

### महाकुंभ से लौट रहे गुजरातियों की बस ट्रक से टकराई हादसे में 4 की मौत



दाहोद- गुजरात के दाहोद जिले के पल्ली गांव में शुक्रवार देर रात ट्रैवलर की ट्रक से टक्कर हो गईण् हादसे में चार लोगों की मौत होए जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हैंण् हादसे का शिकार हुए लोग महाकुंभ से लौट रहे थेण् घायलों को दाहोद के हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया हैण् हादसे के शिकार हुए लोग ढोलका और अंकलेश्वर के आसपास के रहने वाले थेण् लीमखेड़ा उप पुलिस अधीक्षक एमबी व्यास ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी टाटा विंगर ट्रैवलर गाड़ी ;जीजे.05.सीडब्ल्यू.2699द्ध लीमखेड़ा.पल्ली ओवरब्रिज पर खड़े ट्रक ;यूपी.53.एफ्टी.0167द्ध से टकरा गई थीण् टक्कर से ट्रैवलर के परखच्चे उड़ गए और चार श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गईण

## महाकुंभ भगदड़ में जिसकी हुई थी मौत, वह तेरहवीं पर लौट आया, मचा हड़कम्प



प्रयागराज. किसी को मरे हुए मान लिया जाए, उसकी आत्मा की शांति के लिए पूजा-पाठ हो जाए, ब्राह्मणों को भोजन कराया जाए और फिर वही व्यक्ति अचानक मुस्कुराते हुए लौट आए। ऐसा ही कुछ हुआ प्रयागराज में, जब 60 साल के खुन्टी गुरु, जिन्हें महाकुंभ की भगदड़ में मरा हुआ मान लिया गया था, अपनी ही तेहरवीं के दिन वापस आ गए। लोग पहले हैरान रह गए, फिर गुस्सा हुए और आखिर में खुशी से झूम उठे. प्रयागराज में रहने वाले 60 वर्षीय खुन्टी गुरु, जिन्हें 29 जनवरी को महाकुंभ में मची भगदड़ के बाद मृत मान लिया गया था, अपनी ही तेहरवीं के दिन अचानक घर लौट आए। इस घटना से पूरा इलाका हैरान रह गया। जब उनका पिंडदान और ब्राह्मण भोजन की तैयारी चल रही थी, तभी खुन्टी गुरु मुस्कुराते हुए ई-रिक्शा से उतरे और पूछा, क्या कर रहे हो भाई? यह सुनते ही लोग पहले तो गुस्सा हुए, लेकिन फिर खुशी में मिठाइयां बांटने लगे। इलाके के लोगों और परिवारवालों ने उनके जीवित लौटने की खुशी में वही पूरी-सब्जी और मिठाइयां पूरे मोहल्ले में बांटी। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता अभय अवस्थी ने बताया कि 28 जनवरी की शाम को खुन्टी गुरु संगम में मौनी अमावस्या के स्नान के लिए निकले थे और फिर लौटे ही नहीं। भगदड़ के बाद उनकी खूब तलाश की गई, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला, तो सबने मान लिया कि वह अब इस दुनिया में नहीं हैं और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना रखी गई।

खुन्टी गुरु प्रयागराज के जीरो रोड इलाके में एक 10/12 के छोटे से कमरे में अकेले रहते हैं, जो कभी उनके पुश्तैनी घर का हिस्सा हुआ करता था। उनके पिता कन्हैयालाल मिश्रा एक नामी वकील थे,

## सिंगरौली में बवाल, दो युवकों की मौत पर भड़के ग्रामीण, चार बस और दो ट्रक फूंके



स्थिति काबू में आई, कई थानों का बल तैनात

सिंगरौली (आरएनएस)। मप्र के सिंगरौली जिले के मांडा थाना क्षेत्र में एक डंपर के चालक ने बाइक सवार रामलालू यादव और रामसागर प्रजापति को शुक्रवार सुबह सामने से टक्कर मार दी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गुस्से में आए लोगों ने अदाणी कंपनी की चार बसें और कंपनी से अनुबंधित दो ट्रकों को आग के हवाले कर दिया। रात करीब आठ बजे हुई घटनाक्रम के बाद मौके पर कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला और एसपी मनीष खत्री मौके पर पहुंच गए। प्रभारी आइजी साकेत पांडे के मुताबिक हालात नियंत्रित हैं। कई थानों का बल मौके पर तैनात किया गया है। अमिलिया घाटी में कल भीषण सड़क हादसे में दो बाइक सवार की मौत के बाद 5 बस 2 ट्रेलर समेत 7 वाहनों आग के हवाले कर दिया जबकि एक बस में तोड़फोड़ भी की है। पत्थरबाजी की घटना में बरगंवा थाना प्रभारी राकेश साहू राका घायल हुए हैं पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया जिले के अलावा अन्य जिले से भी पुलिस बल को बुलाया गया है। इसके बाद घटनास्थल से करीब सात किमी दूर अदाणी की कंपनी से शिफ्ट के कर्मचारियों को लेने के लिए निकलीं चार बसों को बधोरा गांव के पास रात करीब साढ़े सात बजे आग के हवाले कर दिया। बताया गया कि हादसे की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और कोयला खदान प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

## नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन पर भगदड़ जैसी स्थिति, प्रयागराज जाने के लिए उमड़ी भारी भीड़, कुछ महिलाएं बेहोश



नई दिल्ली-(आरएनएस)। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार को यात्रियों की भारी भीड़ देखनो मिली। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 पर भारी भीड़ जमा हो गयी। कई यात्रियों के बेहोश होने की भी खबर है। यह घटनाक्रम तब सामने आया जब महाकुंभ जाने के लिए भारी भीड़ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंची। इनमें से अधिकतर यात्री ऐसे थे जिनके पास कन्फर्म ट्रेन टिकट नहीं थे। रेलवे के मुताबिक, स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। गौरतलब है कि यात्रियों की मांग पर दो कुंभ स्पेशल ट्रेनें चल रही हैं। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु अचानक प्रयागराज जाने के लिए स्टेशन पहुंच गए। रेलवे की तरफ से बयान भी सामने आया है। रेलवे की तरफ से भगदड़ की बात से इनकार किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने महालोक परिसर में 22.5 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित सेतु का किया लोकार्पण

## बाबा महाकाल की नगरी में तपस्या से सीधे मिलता है मोक्ष- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री महाकाल महालोक परिसर में रूद्रसागर पर नवनिर्मित सेतु का नामकरण इतिहास में सनातन संस्कृति और उज्जयिनी का परचम विश्व में लहराने वाले महान सम्राट अशोक के नाम पर सम्राट अशोक सेतु किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्री महाकाल के संरक्षण में होने से अवंतिका नगरी का कभी अंत नहीं हुआ। यहां तपस्या से सीधे मोक्ष प्राप्त होता है। अवंतिका नगरी ने अनादिकाल से भारतवर्ष और सनातन संस्कृति के ध्वज-वाहकों राजा विक्रमादित्य,राजा भृतहरी, राजा अशोक आदि महान सम्राटों को



संरक्षण दिया है। उन्होंने कहा कि लोकार्पण अवसर पर आतिशबाजी ने श्रद्धालुओं सहित सभी का मन मोह लिया। आतिशबाजी में भगवान श्री महाकाल का स्वर्ण शिखर, महाकवि कालिदास के काव्यों अनुसार चमक रहा है। नवीन औद्योगिकरण के पश्चात संपूर्ण उज्जैन और प्रदेश भी भविष्य में इसी प्रकार प्रकाशमान होगा।स्मार्ट सिटी सीईओ श्री संदीप शिवा ने जानकारी दी कि रुद्र सागर के ऊपर निर्मित सेतु 22.5 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित हुआ है। इसकी लंबाई 200 मीटर व चौड़ाई 9 मीटर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुरूप श्रद्धालुओं को कम से कम चलकर, भगवान श्री महाकाल के शीघ्र दर्शन हो सके इसके लिए इसका निर्माण किया गया है। सम्राट अशोक सेतु श्रद्धालुओं को मुख्य पार्किंग से सीधा श्री महाकाल लोक तक जाने की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे यात्री अधिक सुगमता से दर्शन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि सेतु से श्रद्धालु लाइट एंड साउंड शो भी देख सकेंगे।

### जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल का बड़ा एक्शन, टेरर लिंक के चलते 3 सरकारी कर्मचारी बर्खास्त



श्रीनगर. जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने टेरर लिंक के चलते राज्य के 3 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है. इनमें पुलिस का एक कांस्टेबल फिरदौस भट्ट भी शामिल है, जो पुलिस में रहते लश्कर के लिए काम करता था. उपराज्यपाल ने एक पुलिस कांस्टेबल, एक शिक्षक और वन विभाग के एक अर्दली समेत 3 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया. तीनों कर्मचारी अलग-अलग आतंकवाद से जुड़े मामलों में जेल में बंद हैं. यह बड़ी कार्रवाई उपराज्यपाल की अध्यक्षता में सुरक्षा समीक्षा बैठक के एक दिन बाद की गई. बैठक में उपराज्यपाल ने पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को आतंकवादियों और परदे के पीछे छिपे आतंकी तंत्र को बेअसर करने के लिए आतंकवाद विरोधी अभियान तेज करने का निर्देश दिया था.

## कोटा में केमिकल कंपनी की गैस रिसाव से स्कूल में अफरातफरी, अचेत हुए 12 छात्र, अस्पताल में भर्ती

कोटा- राजस्थान के कोटा के सिमलिया थाना क्षेत्र में शनिवार को सीएफसीएल फैक्ट्री से अमोनिया गैस के रिसाव से कई छात्र बीमार पड़ गए। रिसाव से गढ़ेपान गांव के सरकारी स्कूल के छात्र प्रभावित हुए हैं। बच्चों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से छह की हालत गंभीर थी। न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक, आशुतोष शर्मा ने बताया ति जिन छात्रों को यहां रेफर किया गया था, उनकी हालत स्थिर थी। हमने उनका प्राथमिक उपचार किया और जेके लोन अस्पताल में रेफर किया। किसी की भी हालत गंभीर नहीं थी।



बताया जा रहा है कि गैस रिसाव से कुल 12 छात्र प्रभावित हुए हैं। उनमें से पांच को शुरू में कोटा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, लेकिन उनकी बिगड़ती हालत के कारण बाद में उन्हें कोटा के जेके लोन अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि चंबल फर्टिलाइजर एंड केमिकल्स लिमिटेड (सीएफसीएल) फैक्ट्री में सुबह करीब 11 बजे गैस रिसाव हुआ। हाई सेकेंडरी स्कूल में छात्रों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। कुछ ही देर में उनमें से कुछ बेहोश हो गए, जिससे स्कूल में दहशत फैल गई। अराजकता फैल गई और अधिकारियों को तुरंत सूचित किया गया। सीएफसीएल एक फैक्ट्री है जो यूरिया खाद का उत्पादन करती है। नवीनतम अपडेट के अनुसार, प्रभावित छात्रों का पहले फैक्ट्री परिसर में संचालित अस्पताल में इलाज किया गया।

## दिल्ली में चुनावी हार के बाद आप को लगा बड़ा झटका, तीन मौजूदा पार्षद बीजेपी में हुए शामिल



नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली में दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की मौजूदगी में एमसीडी पार्षद अनीता बसोया, संदीप बसोया, निखिल चपराना, धर्मवीर सिंह बीजेपी में शामिल हुए। हाल में ही संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीटें जीतकर कमाल किया है। ऐसे में अब स्ब्ष्ठ में भी भाजपा की सरकार बन सकती है। पूरा का पूरा नंबर गेम इससे पलट सकता है। यह अरविंद केजरीवाल के लिए भी बड़ा झटका है।

## अमृतसर एयरपोर्ट पर 119 भारतीयों को फिर जबरन भेजेगा अमेरिका, इसमें पंजाब के 67, हरियाणा के 33 लोग शामिल

अमृतसर. (आरएनएस) ।अमेरिका अवैध तरीके से पहुंचे भारतीयों को 2 और विमानों से भारत वापस भेज रहा है. इनमें से एक विमान आज (15 फरवरी) रात करीब सवा 10 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरेगा, जबकि दूसरा विमान 16 फरवरी को यहां लैंड करेगा. ये जानकारी पंजाब ण्ष्टरू भगवंत मान ने दी. हालांकि, अमृतसर एयरपोर्ट के अधिकारी या केंद्र सरकार की किसी एजेंसी की ओर से इसकी कोई पुष्टि नहीं की गई है. पिछली फ्लाइट को लेकर भी अलग-अलग तरह की जानकारियां सामने आई थीं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आज विमान से 119 भारतीयों को लाया जाएगा. इनमें पंजाब के 67 और हरियाणा के 33 लोग शामिल हैं. वहीं दूसरे विमान में 157 भारतीयों को लाया जाएगा. इससे पहले 5 फरवरी को अमेरिकी एयरफोर्स के विमान ग्लोबमास्टर में 104 भारतीयों को अमृतसर पहुंचाया गया था. इन लोगों के हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां डालकर लाया गया था. इस बार भारतीयों को कैसे डिपोर्ट किया जाएगा, क्या उन्हें फिर से हथकड़ी-बेड़ियां पहनाकर भेजा जाएगा, इसे लेकर कोई जानकारी अब तक सामने नहीं आई है. इस मामले में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा पंजाब में अवैध अप्रवासियों के विमान उतारना गलत है. यह पंजाब को बदनाम करने की साजिश है. जो लोग गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गए थे, उन्हें डिपोर्ट किया जा रहा है. पहले भी जो लोग डिपोर्ट हुए थे, उनमें अलग-अलग प्रदेशों के लोग थे. फिर विमान अमृतसर में क्यों उतारे जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार हमेशा पंजाब के साथ भेदभाव करती है. वह पंजाब को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ती. भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा पंजाब के ष्टरू भगवंत मान को ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति करने से

## शब-ए-बारात के दिन मेट्रो स्टेशन पर हुड़दंग! एग्जिट गेट फांदकर निकले लोग

नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने एक ट्वीट किया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने लिखा कि कुछ यात्रियों द्वारा बाहर निकलने के लिए एएफसी गेट पर छलांग लगाने के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वायरल वीडियो के संदर्भ में, डीएमआरसी सूचित करना चाहेगी कि उक्त घटना 13 फरवरी 2025 की शाम को वायलेट लाइन पर जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन की बताई गई है।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें लोगों को बाहर निकलने के लिए मेट्रो स्टेशन के गेट पर छलांग लगाते देखा जा सकता है। वीडियो जामा मस्जिद स्टेशन का है जिसे 13 फरवरी को रात 11ः22 बजे रिकॉर्ड किया गया था। अधिकारियों के मुताबिक, उस



रात शब-ए-बारात थी। रात करीब 11ः22 बजे स्टेशन पर एक ही समय पर दो ट्रेनें पहुंचीं। निकास द्वार पर बड़ी भीड़ जमा हो गई और उसी समय गेट ने काम करना बंद कर दिया। भीड़ के कारण लोगों को साइड गेट से बाहर निकलने की इजाजत दी गई।

इसको लेकर दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने एक ट्वीट किया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने लिखा कि कुछ यात्रियों द्वारा बाहर निकलने के लिए एएफसी गेट पर छलांग लगाने के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वायरल वीडियो के संदर्भ में, डीएमआरसी सूचित करना चाहेगी कि उक्त घटना 13 फरवरी 2025 की शाम को वायलेट लाइन पर जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन की बताई गई है। थोड़ी देर के लिए यात्रियों की भीड़ अचानक बढ़ गई जब कुछ यात्री बाहर निकलने के लिए एएफसी गेट से कूदकर उसे पार कर गए। ऐसे यात्रियों को सलाह देने के लिए सुरक्षाकर्मी और अन्य कर्मचारी पर्याप्त रूप से मौजूद थे और स्थिति कभी भी नियंत्रण से बाहर नहीं हुई। बल्कि, यह एएफसी गेट पर अचानक भीड़ बढ़ने के कारण कुछ यात्रियों की क्षणिक प्रतिक्रिया थी।

भाजपा नेता सुनील देवधर ने एक्स पर लिखा कि शब ए बारात की आड़ में दिल्ली मेट्रो में हुड़दंग मचा रहे ये हुड़दंगी भूल रहे हैं कि दिल्ली में केजरीवाल के काल का अंत हो चुका है! डबल इंजन की सरकार इनका इलाज ज़रूर करेगी! इससे पहले, सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की गई थी, जिसमें दिल्ली मेट्रो के डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड पर %हैप्पी वैलेंटाइन डे% संदेश प्रदर्शित होता दिख रहा था। वायरल पोस्ट के अनुसार, रोमांटिक इच्छा को %मंडावली-पश्चिम विनोद नगर मेट्रो% पर प्रदर्शित किया गया था। यह पोस्ट तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो गई,




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी पनागर श्री अजय बहादुर ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि बम्होरी मोड़ के पास एक व्यक्ति कच्चे मकान में जो अण्डे का धंधा करता है शराब का बिक्रय कर रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां कुछ व्यक्ति शराब खरीद रहे थे पुलिस को देखकर शराब खरीदने वाले भाग गये अंडे की दुकान के संचालक से नाम पता पूछने पर संदीप कुमार चौरसिया उम्र 34 वर्ष निवासी गांधीग्राम बुढ़ागर बताया जो पीले रंग की कपड़े की थैली में 16 पाव देशी शराब रखे मिला,

# मदन महल पहाड़ी से तेवर शिफ्टिंग की कार्यवाही 25 फरवरी से शुरू कर दिया जाए- कलेक्टर सक्सेना





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज मदन महल पहाड़ी में अतिक्रमण कर निवासरत लोगों के शिफ्टिंग के संबंध में बैठक आयोजित की गई.इस दौरान उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट के निर्देश के अनुसार मदन महल पहाड़ी में निवासरत लोगों के पुनर्वास शीघ्रता से सुनिश्चित की जाए। इसके लिए तेवर स्थित पुनर्वास स्थल पर सड़क,बिजली, पानी, शुष्क टायलेट की सुविधा प्राथमिक रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रथम फेस में 50 परिवारों को शिफ्ट किया जा सके। पुनर्वास के लिये प्लाटों का आवंटन लॉटरी सिस्टम से किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को पुनर्वासित किया जा रहा है, उन्हें एक सप्ताह तक फुड पैकेट दिया जाए। साथ ही तात्कालिक रूप से बांस-बल्ली व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि तेवर में शीघ्रता से पुनर्वास स्थल को विकसित किया जाए ताकि मदन महल पहाड़ी से विस्थापित लोगो को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि पुनर्वास स्थल पर जगह-जगह वाटर स्टैंड पोस्ट बनाया जाए। उन्होंने एसडीएम श्री अनुराग सिंह से कहा कि इस संबंध में शिफ्टिंग होने वाले लोगों के साथ बैठक करें और पुनर्वास की कार्यवाही 25 फरवरी से शुरू कर दिया जाए।

## व्यवस्थित यातायात हेतु चौराहों में सिंग्नल लाइट लगाने की मांग

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर के बेढंग यातायात को व्यवस्थित करने और सुचारू रूप से चलाये हेतु मुस्लिम बहुल क्षेत्र अंतर्गत बोहराबाग व आनंद नगर बस स्टॉप में ट्रैफिक सिंग्नल लाइट लगाने और रद्दी चौकी तथा गोहलपुर चौराहे पर बंद पड़े सिंग्नल व सीसी टीवी कैमरो को चालू किये जाने की मांग वाला एक ज्ञापन मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि पूरे शहर सहित मुस्लिम बहुल क्षेत्र में यातायात बेढंगा हो गया है। अत्यधिक ऑटो रिक्शा हो जाने से यातायात अवरूद्ध हो जाता हैं जिससे स्कूली बच्चों को व महिलाओं तथा कर्मचारियों को जाम से अधिक परेशानी हो रहीं है, साथ ही लोग आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे है। मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, हाजी मुईन खान, फैजान कुरैशी, इरफान कुरैशी, बब्लू कुरैशी, अहमद रज़ा, एड.निसार अंसारी, गुलाम किबरिया, अशफाक आरिफ, डॉ. निसार अंसारी, शेख निज़ामी, मामूर गुड्डु, अब्दुल बाकी खान, ताहिर खोकर, हाशिम राजा, अशरफ शिराजी, मो. जावेद आदि ने पुलिस अधीक्षक से श्रीध ही उचित कदम उठाकर शहर के नागरिकों को राहत देने की मांग की है।

## अंतरक्षेत्रीय विद्युत सांस्कृतिक प्रतियोगिता में एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता महेश नुन्हारिया ने प्राप्त किया तीसरा स्थान



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। 46वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत सांस्कृतिक प्रतियोगिता वर्ष 2024-25 में केन्द्रीय कार्यालय क्षेत्र जबलपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के मुख्य अभियंता श्री महेश कुमार नुन्हारिया ने शानदार गायन का प्रदर्शन करते हुए शास्त्रीय संगीत की कठिन विधा 'राग मालकोस' में अद्भुत प्रस्तुति देकर शास्त्रीय गायन स्पर्धा के पुरूष वर्ग में तृतीय स्थान अर्जित करने में सफलता हासिल की। । मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने श्री नुन्हारिया को उनके इस उपलब्धि पर बधाई देते हुये हर्ष जाहिर किया है।

## 43 वीं तेज चाल प्रतियोगिता का आयोजन आज 16 फरवरी को

जबलपुर। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 43 वीं तेज चाल प्रतियोगिता का आयोजन आज रविवार 16 फरवरी को किया गया है। यह प्रतियोगिता प्रात 6.30 बजे रामपुर परिसर स्थित पाण्डुताल मैदान से शुरू होगी। तेज चाल प्रतियोगिता में बिजली कंपनियों में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों के अलावा उनके पति-पत्नी, माता-पिता, सास-श्वसुर भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बाहरी महिला व पुरूष प्रतिभागियों को भी भाग लेने का अवसर दिया गया है। तेज चाल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पुरूष व महिला प्रतिभागियों के लिए विभिन्रि आयु समूह में कुल दस वर्ग बनाए गए हैं। सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता तेज चाल के द्वारा ही पूर्ण करनी होगी और जो प्रतिभागी दौड़ेंगे उन्हें प्रतियोगिता से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी पाण्डुताल मैदान में प्रात 6.00 बजे पहुंच कर प्रतियोगिता में अपनी प्रविष्टि करवा सकते हैं।

## पमरे के आरिफ अली, हसन अली एवं अभिषेक श्रीवास 82वी अखिल भारतीय अंतर रेल हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता हेतु अम्पायर नामित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। दिनांक 17 से 22 फरवरी तक सिकंदराबाद तेलंगाना में आयोजित होने वाली 82वी अखिल भारतीय अंतर रेल हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता हेतु पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल के आरिफ अली को तकनीकी अधिकारी व हसन अली एवं श्री अभिषेक श्रीवास को एम्पायर नामित किया गया है।

अंतर रेल हॉकी प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट आधार पर खेली जाएगी। साथ ही साथ इस प्रतियोगिता में भारत देश के नामी खिलाड़ी जिन्होनें अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर न केवल देश का नाम रोशन किया है वरन् हॉकी को एक नई पहचान दी है। वे सभी हॉकी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। उक्त प्रतियोगिता के सफल व सुचारु रुप से संचालन हेतु उनकी नियुक्ति पर पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक श्रीमति शोभना बंदोपाध्याय, कुशाल सिंह, अध्यक्ष पमरे खेलकूद संघ, प्रभात पीसीपीओ, राजीव कुमार यादव, आईजी आरपीएफ, यशवंत कुमार, महासचिव-पमरे खेलकूद संघ, कमल कुमार तलरेजा, मंडल रेल प्रबंधक, मो. मुनव्वर खान वरि.मंडल सुरक्षा आयुक्त, सुबोध विश्वकर्मा मंडल खेलकूद अधिकारी, स्वप्निल पाटिल, वरि. मंडल यांत्रिक प्रबंधक, मधुर वर्मा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रजनीकांत साहू, दिग्विजय सिंह, हॉजी सैय्यद हैदर अली, मार्बल रॉक हॉकी क्लब के अध्यक्ष अजय मार्को, सचिव अशरफ अली, एशली दास, एल्विन सुशील कुमार, डॉ रमेश शुक्ला, डॉ. विशाल बन्ने, औंकार दुबे, लायन पप्पी खान, असलम अली, अफसर अली, पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान, विक्रम जन्सारी, गुलाम गौस, एवं समस्त खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी।

### डॉ स्वामी राधेचैतन्य महाराज का महामण्डलेश्वर की उपाधि से विभूषित होने पर एवं दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती महाराज जी ( स्वामी रंजीतानंद जी ) 16 फरवरी को प्रथम नगर आगमन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। डॉ स्वामी राधेचैतन्य जी महाराज एवं श्री दंडी स्वामी नर्मदानंद जी सरस्वती महाराज (स्वामी रंजीतानंदजी) का दिनांक 16 फरवरी को प्रथम नगर आगमन पर कालीधाम परिवार द्वारा प्रात: 10:00 बजे भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है अनिल उसरेटे ने जानकारी देते हुए बताया है कि शोभायात्रा गणेश मंदिर गौरीघाट से प्रारंभ होगी यात्रा के दौरान जगह-जगह कालीधाम शिष्य परिवार,अनेक संस्थाओं द्वारा एवं संस्कारधानी जबलपुर के जन मानस द्वारा भव्य स्वागत किया जायेगा शोभयात्रा का समापन कालीधाम गौरीघाट परिसर में होगा इस अवसर पर कालीधाम शिष्य परिवार के डी ओ पी राव ,प्रदीप चौहान, श्रीराम खत्री, सुशील सोनी,अजय यादव,बंटी महाराज, मनीष अग्रवाल, प्रभात दुबे,उमेश गुप्ता, सत्यनारायण अग्रवाल, सुभाष डागा,पन्नालाल बर्मन, नारायण बृजवानी,देवेश गोस्वामी, अशोक तिवारी,राजीव रिक्षारिया, एवं अनिल उसरेटे ने हर्ष व्याप्त करते हुए उपस्थिति की अपील की है।

# पढ़ोगे तो आगे बढ़ोगे- मौलाना सैय्यद हसन असकरी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुस्लिम धर्मालंबियों की इबादत की रात शबे बारात जुमेरात को अक़ीदत से मनाई गई । इस मौके पर मुस्लिम बस्तियों मे रात भर चहल पहल बनी रही। मुस्लिम बंधुओं ने शबे बारात के मौक़े पर अपने घरों हजरते उवैस करनी रजी. की बारगाह मे नजरों न्याज़ की व रात्रि मे मस्जिदों मे इबादत कर अल्लाह से तौबा अस्तगफार कर माफ़ी मांगी। सुबह फजर की नमाज के बाद कब्रस्थान जाकर अपने मरहूमों की कब्र मे जाकर दुआएं मगफिरत की और फूल पेश किये।

दारुलउलूम - मुस्लिम बहुल क्षेत्र मंडी मदार टेकरी स्तिथ इस्लामी शिक्षा केंद्र दारुलउलूम अहले सुन्नत मे शबे बारात के मौक़े पर सूफिये मिल्लत हजरत बाबा सैय्यद तनवीर अशरफ शाह जिलानी के रूहानी फैजान से 52 वा जश्ने दस्तार (दीक्षान्त समारोह) का आयोजन रात्रि 9 बजे से किया गया। फाजिले बगदाद हजरत अल्लामा मौलाना सैय्यद हसन असकरी मियाँ आयोजन की सरपरस्ती फरमाई । जलसे मे अपना ख़िताब बयान करते हुए असकरी मियाँ ने नौजवानों को सम्भोधित करते हुए फरमाया की पढ़ोगे तो आगे बढ़ोगे । हजरत ने अफ़सोस जाहिर करते हुए कहा की अगर हमारे कौम के बच्चे गरीबी के कारण अगर पढ़ ना सके तो धिक्कार है कौम के दौलतमन्दो पर। आपने कहा की अल्लाह के रसूल के उम्मती एसे नहीं हो सकते जो गरीबो की मदद ना करे। जलसे मे जानशीने बाबा ए मिल्लत सूफ़ी फारुख लकड़वाला, मुफ़्ती मो. मुईनुद्दीन अशरफी ( रामपुर) हाफिज पीर नवाज (पूना) हजरत मौलाना सैय्यद अबरार बापू ( गुजरात) ने भी अपनी नूरानी तक़रीर पेश कीइसके अलावा नातखा सैय्यद नौशाद अशरफी ( गाडरवारा) मोहम्मद शाहिर ( कोतमा) ने अपनी नात ए पाक पेश की। इस मौके पर 4 आलिम,15 हाफिज, 6 कारी को सनद डिग्री से नवाज़ा गया। तक़रीर उपरांत सालातो सलाम पेश किया गया और मुल्क की तरक्की खुशहाली की खास दुआएं मांगी गई। मुतवल्ली मोहम्मद तोहिद अशरफी व कमेटी ने जलसे मे शिरकत किये अक़ीदतमंदो का शुक्रिया अदा किया ।

## वन नेशन वन इलेक्शन प्रदेश स्तरीय टीम में शामिल हुए जबलपुर से शरद अग्रवाल



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज वन नेशन वन इलेक्शन के तहत भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के द्वारा प्रदेश स्तरीय टीम घोषित की जिसमें एक संयोजक एक सहसंयोजक एवं 10 सदस्य के नाम घोषणा हुई है जिसमें जबलपुर से भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री शरद अग्रवाल का नाम सदस्य के रूप शामिल किया गया है इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने भा जा पा प्रदेश संगठन सहित संयोजक पूर्व जस्टिस रोहित आर्य एवं सह संयोजक श्री पुष्पमित्र भार्गव की प्रति आभार व्यक्त किया साथ ही श्री अग्रवाल की नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष उत्साह व्याप्त है

### जनाब सिराज आगाजी का काव्य संग्रह नोकें कलम को मंजूरी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संस्करधानी के वरिष्ठ शायर सिराज आगाजी द्वारा रचित काव्य संग्रह नोकें कलम को मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी भोपाल ने प्रकाशन हेतु बीस हजार रूपए की वित्तीय सहायता के साथ मंजूरी प्रदान की है । वरिष्ठ शायर शेख निजामी ,मंजूर मजहर ,डा मुस्तकीम रजा, गयास आगामी, आदि ने सिराज आगाजी को इस सफलता पर मुबारकबाद पेश की है।

## रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के छात्र-छात्राओं को उनके पाठ्यक्रम के अंतर्गत फील्ड वर्क पर ले जाया गया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के छात्र-छात्राओं को उनके पाठ्यक्रम के अंतर्गत फील्ड वर्क पर ले जाया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने बाल कल्याण समिति एवं नेत्रहीन कन्या विद्यालय का दौरा किया।

इस अध्ययन यात्रा का उद्देश्य छात्रों को सामाजिक संस्थानों की कार्यप्रणाली से अवगत कराना एवं समाज के विभिन्न वर्गों की समस्याओं को समझने का अवसर प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान छात्रों ने इन संस्थानों में रह रहे बच्चों एवं अन्य लाभार्थियों से बातचीत की और उनके जीवन, चुनौतियों तथा आवश्यकताओं को नजदीक से समझा। इस कार्यक्रम में विभाग के प्रोफेसर्स एवं अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। विभाग के शिक्षकों ने इस फील्ड वर्क को छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान और सामाजिक संवेदनशीलता को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के इस पहल से विद्यार्थियों को वास्तविक सामाजिक परिस्थितियों का अनुभव प्राप्त हुआ, जिससे उनके अध्ययन को व्यवहारिक दृष्टिकोण मिला।

# रिएक्टिव पावर के दक्षतापूर्ण प्रबंधन से उपभोक्ताओं को मिल सकेगी गुणवत्ता पूर्ण बिजली: डॉ. विनोद कुमार खरे

**द इंस्टीटूशन ऑफ़ इंजीनियर्स ( इंडिया ) जबलपुर लोकल सेंटर में आयोजित हुआ व्याख्यान**




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। द इंस्टीटूशन ऑफ़ इंजीनियर्स (इंडिया) जबलपुर लोकल सेंटर में रिएक्टिव पावर मैनेजमेंट विषय पर उत्तर प्रदेश ट्रांसमिशन कार्पोरेशन के पूर्व डायरेक्टर, पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया के पूर्व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं इथियोपियन इलेक्ट्रिक यूटिलिटी के पूर्व सी.ई.ओ. डॉ. विनोद कुमार खरे द्वारा एक बेहद उपयोगी व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। अपने व्याख्यान में डॉ. खरे ने विद्युत उपभोक्ताओं के लिये गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के समग्र समाधान के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि रिएक्टिव पावर मैनेजमेंट सिस्टम, बिजली की गुणवत्ता और स्थिरता बनाए रखने में मदद करता है, यह बिजली की मांग में अचानक बदलाव या ट्रांसमिशन लाइन में खराबी जैसी स्थितियों में रिएक्टिव पावर की आपूर्ति और मांग को संतुलित करता है।

डॉ. विनोद कुमार खरे ने अपने व्याख्यान में पावर सेक्टर में क्वालिटी पावर की उपयोगिता पर अनेक तथ्य प्रस्तुत किये। उन्होंने कहा कि रिएक्टिव पावर के दक्षतापूर्ण प्रबंधन से ही उपभोक्ताओं को गुणवत्ता पूर्ण बिजली मिल सकेगी। उन्होंने रिएक्टिव पावर मैनेजमेंट सिस्टम के फ़ायदे बताते हुये कहा कि यह जहां बिजली तंत्र में स्थिरता, क्षमता और गुणवत्ता को बनाए रखने में मदद करता है, वहीं बिजली के ब्लैकआउट को रोकने में भी इसकी अहम भूमिका रहती है। साथ ही यह वोल्टेज में गिरावट और वृद्धि को रोकने के अलावा लघु और दीर्घ विद्युत कटौती को भी नियंत्रित करता है। इसके अलावा रिएक्टिव पावर मैनेजमेंट हार्मोनिक्स प्रबंधन एवं पावर फेक्टर (पी.एफ.) नियंत्रण में मदद करता है, जिससे प्रतिक्रियाशील विद्युत क्षतिपूर्ति हो पाती है।

इसके पूर्व द इंस्टीटूशन ऑफ़ इंजीनियर्स (इंडिया) लोकल सेंटर जबलपुर के अध्यक्ष इंजी. संजय कुमार मेहता ने स्वागत भाषण दिया। इंजीनियर अनिंघ कुमार खरे ने डॉ. विनोद कुमार खरे का अभिनंदन करते हुये उनका परिचय प्रस्तुत किया, मानसेवी सचिव डॉ. राजीव जैन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी समिति सदस्य डा .एस एस पवार ने किया। इस अवसर पर इंजी. हितेश तिवारी, डॉ. संजय वर्मा, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता श्री प्रवीण कुमार गार्गव, श्री अनुराग मिश्रा, श्री एस व्ही वझे, श्री लोकेश द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में शहर के विभिन्न इंजीनियरिंग कालेजों के प्रोफेसर और छात्र आदि उपस्थित थे।



भोपाल - सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को अपने निवास पर 38वें नेशनल गेम्स में पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों से आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से उनके अनुभव साझा किए और उनकी मेहनत, समर्पण और सफलता की सराहना की। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों, कोचों और सपोर्ट स्टाफ की कड़ी मेहनत और समर्पण भाव के कारण ही प्रदेश ने 38वें नेशनल गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 82 पदकों के साथ राज्यों की सूची में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

# वैश्विक चुनौतियों का समाधान देगा बुद्ध में है विश्व का भविष्य, युद्ध में नहीं'' का विचार-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रधानमंत्री मोदी वसुधैव कुटुम्बकम के भाव से कर रहे हैं विश्व का मार्गदर्शन



भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वैश्विक चुनौतियों का समाधान युद्ध में नहीं बुद्ध में'' मानते हैं। सनातन संस्कृति में कई सभ्यताओं के आविर्भाव से पहले ही वसुधैव कुटुम्बकम की बात कही गई थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी इसी भाव से विश्व को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति प्रत्येक जीव में ईश्वर का वास और विश्व के कल्याण में विश्वास रखती है। वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में जहाँ युद्ध, आतंकवाद और संघर्ष ने पूरी दुनिया को तनावग्रस्त किया है, ऐसे में यूनाइटेड कॉन्शसनेस ग्लोबल कॉन्क्लेव जैसे आयोजन शांति, समरसता और मानवता की आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए समाधान प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कालिदास अकादमी उज्जैन में आरंभ यूनाइटेड कॉन्शसनेस ग्लोबल कॉन्क्लेव-2025 के तीन दिवसीय जीवन प्रबंधन कार्यशाला का मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस कॉन्क्लेव के प्रमुख आकर्षणों में महाकालेश्वर जलाभिषेक, पृथ्वी तत्व का आव्हान, पंचमहाभूत आव्हान और विशेष सांस्कृतिक संध्या जैसी गतिविधियां शामिल हैं। इन अनुष्ठानों से सम्पूर्ण विश्व के बीच एकता और समरसता को प्रकट करने के प्रयास होंगे। कुल 22 देशों के प्रतिनिधि अपने-अपने देशों की नदियों के जल से बाबा महाकाल का अभिषेक करेंगे। यह कॉन्क्लेव भारत की प्राचीन संस्कृति, योग और आध्यात्मिकता को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर है। यह भारत की पॉवर को और अधिक सशक्त करेगा तथा विश्व, भारत की आध्यात्मिक शक्ति से लाभान्वित हो सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव के सहभागियों से वैश्विक शांति की स्थापना और विश्व में प्रेम, सौहार्द्र तथा सकारात्मकता के प्रसार में हरसंभव योगदान देने संकल्प लेने का आव्हान किया।

उज्जैन में आरंभ हुए इस कॉन्क्लेव के शुभारंभ सत्र में उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, संस्कृति राज्य मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद श्री अनिल फिरोजिया, विधायक श्री अनिल जैन, कॉन्क्लेव के समन्वयक श्री विक्रांत सिंह तोमर सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कॉन्क्लेव में 22 देशों के विद्वान, संत, आध्यात्मिक शिक्षक और लाइफ कोच विचारक वैश्विक शांति और समरसता के लिए अपने विचार साझा करेंगे।

**विद्यार्थी विश्वास और सकारात्मक भाव से परीक्षा में हो शामिल- मुख्यमंत्री डॉ. यादव**

भोपाल -मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विद्यार्थी स्वयं में विश्वास रखते हुए सकारात्मक भाव से परीक्षा में शामिल हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल से आरंभ हो रहीं, सीबीएसई की कक्षा दसवीं की परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विद्यार्थी परीक्षाओं को सामान्य गतिविधि के भाव से लें,

परीक्षाओं का अनावश्यक तनाव न रखें, मन पर भार रखने से परिणाम अनुकूल नहीं आते हैं। विद्यार्थी, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आनंद के साथ परीक्षा देने के मार्ग का अनुसरण करें, अपनी क्षमता, योग्यता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें। यह भाव न रखें कि यह परीक्षा ही अंतिम है, ऐसे कई प्रसंग हैं जहां परीक्षाओं में असफल होने वालों ने जीवन के अन्य क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियां अर्जित कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के लिए मीडिया के माध्यम से जारी संदेश में यह बात कही।

## स्कूल बना मसाज पार्लर! क्लास रुम में छात्राओं से पैर दबवाती दिखी महिला टीचर

सिवनी (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक सरकारी स्कूल की शिक्षिका पर छात्राओं से अपने पैर दबवाने का आरोप लगा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में शिक्षिका को छात्राओं से पैर दबवाते हुए देखा जा सकता है, जिसके बाद से उनकी जमकर आलोचना हो रही है।

वायरल वीडियो में तीन अलग-अलग क्लिप्स हैं। दो वीडियो में शिक्षिका छात्राओं से पैर दबवाती हुई स्पष्ट रूप से नजर आ रही हैं। पहले वीडियो में, शिक्षिका बेंच पर बैठी हैं और कुछ छोटी छात्राएं नीचे बैठकर उनके पैरों की मालिश कर रही हैं। दूसरे वीडियो में, शिक्षिका दरी पर बैठी हैं, उनके पैरों पर एक किताब रखी है और छात्राएं उनके पैर दबा रही हैं। यह पूरी घटना कक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, और अब यह वीडियो इंटरनेट पर तेजी से फैल रहा है।

जब छात्राओं के अभिभावकों को इस घटना की जानकारी मिली और उन्होंने शिक्षिका से इस बारे में सवाल किया, तो उन्होंने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। शिक्षिका ने अभिभावकों से कहा कि यदि वे उन्हें पद से हटाना चाहते हैं तो वे ऐसा कर सकते हैं। वीडियो में शिक्षिका को यह कहते हुए भी सुना जा सकता है, मैं ही तो हटूंगी, ज्यादा से ज्यादा क्या होगा? और कुछ होगा? मैं यहां से हटकर कहीं और नौकरी करूंगी। आप मुझ पर गलत इल्जाम मत लगाओ।

यह मामला सिवनी के शासकीय अनुसूचित जनजाति कन्या इंग्लिश मीडियम कन्या परिसर का है। वायरल वीडियो के बाद से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए-उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल- (आरएनएस)उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए और प्रसव पूर्व जांच के माध्यम से हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की समय पर पहचान हो। उन्होंने निर्देश दिए कि सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध रूप से सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता जरूरी है। जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में सुधार लाया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण के लिये सेवा प्रदाय एवं भर्ती प्रक्रिया की वृहद समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य मानकों को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आधुनिक चिकित्सा अधोसंरचना, अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस दिशा में अभूतपूर्व प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य विभाग में मानव संसाधन की वृद्धि के लिए बड़े पैमाने पर भर्ती चल रही है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए, जिससे चिकित्सा सुविधाओं का लाभ तेजी से आमजन तक पहुंचे। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में विभिन्न श्रेणियों में भर्ती प्रक्रिया प्रगति पर है। चिकित्सकीय श्रेणी में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 3,689 पदों पर भर्ती की जा रही है। नर्सिंग श्रेणी में 5,762 पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। पैरामेडिकल एवं तकनीकी स्टाफ के तहत 454 लैब टेक्नीशियन, 114 रेडियोग्राफर, 21 फिजियोथेरेपिस्ट और 8 काउंसलर के पद कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से भरे जा रहे हैं। इसके अलावा, 1,744 सीधी भर्ती के अविज्ञप्त पदों की पूर्ति के लिए भी मांग पत्र भेजा गया है। संचालक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री दिनेश श्रीवास्तव, संचालक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा नर्सिंग एवं पैरामेडिकल श्री मनोज सरियाम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसएससी एग्जाम में फर्जी अभ्यर्थी पकड़ाया,दूसरे की जगह दे रहा था परीक्षा

उज्जैन (आरएनएस)। स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी) परीक्षा में अभ्यर्थी सहित दो युवक पकड़े गए हैं। फोटो मिलान नहीं होने के चलते सेंटर पर छानबीन की गई, जिसमें अभ्यर्थी और उसकी जगह परीक्षा देने वाला युवक पकड़ा गया।

इसके बाद दोनों को चिंतामण पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस को पता चला कि परीक्षा दे रहे युवक ने अभ्यर्थी से पांच हजार रुपए एडवांस लिए थे। इंदौर रोड स्थित प्रशांति कॉलेज में मंगलवार को स्टाफ सिलेक्शन कमीशन जीडी कॉन्स्टेबल की सुबह परीक्षा थी, जिसमें ग्वालियर निवासी 28 वर्षीय धीरज अपने सॉल्वर रवि मंडलोई (निवासी इंदौर) को साथ लेकर आया था। परीक्षा देने के लिए रवि सेंटर में चला गया, जबकि धीरज बाहर ही खड़ा रहा।

उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर एप्लीकेशन फॉर्म में लगे फोटो से चेहरा मिलान करने पर ड्यूटी स्टाफ को शक हुआ। चेहरा मिलान नहीं होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

## कृषि विभाग के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से किसानों की बढ़ रही है आय -कृषि मंत्री कंषाना

भोपाल (आरएनएस) किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों से किसानों को अपनी फसलों की उपज में वृद्धि करने में मदद मिली है। इसके परिणामस्वरूप किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। प्रशिक्षणों में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल प्रबंधन और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी जा रही है। फसलों की उपज में औसतन 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि और गुणवत्ता में भी सुधार देखा गया है।

किसानों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों से अपनी फसलों की देखभाल करने के नए तरीके सीखने का अवसर मिल रहा है। अब वे अपनी फसलों को अधिक कुशलता से उगा सकते हैं और अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहेंगे। इन प्रशिक्षणों से किसानों को अपनी फसलों की उपज में वृद्धि करने और अपनी आय में सुधार करने में मदद मिलेगी। कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। फसल उत्पादन प्रशिक्षण अंतर्गत किसानों को विभिन्न फसलों की उत्पादन तकनीकों के बारे में जानकारी दी जाती है। मिट्टी परीक्षण और उर्वरक प्रबंधन प्रशिक्षण में किसानों को मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करने और उर्वरकों का सही तरीके से उपयोग करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाती है। सिंचाई प्रबंधन प्रशिक्षण में किसानों को सिंचाई के विभिन्न तरीकों और सिंचाई के लिए आवश्यक उपकरणों के बारे में जानकारी दी जाती है। कीट और रोग प्रबंधन प्रशिक्षण में किसानों को फसलों के कीटों और रोगों के प्रबंधन के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाती है। कृषि व्यवसाय प्रशिक्षण में किसानों को कृषि व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं विपणन, वित्त और प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जाती है।

कृषि विस्तार एवं सुधार के लिये आत्मा योजनांतर्गत विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। साथ ही किसानों को विभिन्न स्थानों का भ्रमण भी कराया जाता है। किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ उठा सकते हैं।

## 17 साल की लड़की का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, दुखी होकर लगाई फांसी

गुना (आरएनएस)। जिले के कैंट थानाक्षेत्र की नई बस्ती कुसमौदा में गतदिवस 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने अपना अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से दुखी होकर घर पर फांसी लगा ली। लेकिन पुलिस ने वीडियो वायरल करने वाले युवक पर कार्रवाई नहीं की। इससे नाराज स्वजनों ने बुधवार को स्थानीय हनुमान चौराहा पर किशोरी का शव सड़क पर रख चक्काजाम कर दिया। इस दौरान किशोरी के स्वजन सड़क पर लेट गए और वाहनों को रोक दिया। पुलिस ने काफी मशक्कत की, लेकिन वह नहीं माने। अंततः पुलिस को चौराहे पर ही स्थित एक कंप्यूटर दुकान पर प्रकरण में युवक के खिलाफ एफआईआर की कार्रवाई करनी पड़ी। इसके बाद स्वजन करीब एक घंटे बाद चक्काजाम से हटे। स्वजनों ने बताया युवक सूरज कुशवाह उम्र करीब 19 साल उनकी बेटी को कई दिनों से परेशान कर रहा था। बीती छह फरवरी को एक शादी समारोह में किशोरी का जबरन अश्लील वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था।

## एन. आई. टी.टी.टी. आर में ऊर्जा संरक्षण क्षमता महोत्सव कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# ऊर्जा के सही संरक्षण पर ही दुनिया का विकास निर्भर- राज्यमंत्री श्रीमती गौर



भोपाल-पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण बहुत ही महत्वपूर्ण है। ऊर्जा के सही इस्तेमाल और संरक्षण पर ही दुनिया का विकास टिका हुआ है। इसलिए हम सब का परम कर्तव्य है कि ऊर्जा के विभिन्न विकल्पों का सही प्रयोग करें और इसके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करें। राज्यमंत्री श्रीमती गौर शुक्रवार को एन. आई. टी.टी.टी.आर. के सभागार में आयोजित ऊर्जा संरक्षण क्षमता महोत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर संबोधित कर रहीं थीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि ऊर्जा पर्यावरण जागरूकता अभियान अच्छी पहल है। ऊर्जा पर्यावरण जागरूकता अभियान स्कूल एवं कॉलेज में भी आयोजित किए जाए । हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा की सहायता से पर्यावरण को स्थाई बनाया जा सकता है। इंडियन ऑयल और अन्य तेल कंपनियों ने हरित और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में काफी पहल की है। इनमें बीएस ढ्ढङ्क से बीएस ङ्कढ्ढ ईधन में स्थानांतरण पेट्रोल पम्पो में ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना, एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल, ग्रीन कॉम्बो लुविकेंटस, कंप्रेस बायोगैस, नूतन सोलर स्टोव आदि शामिल हैं। यहां तक वक भू-राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए, कच्चे तेल पर हमारी निर्भरता को कम करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड श्री टी एन सुंदर राजन श्री बीपी मोहंती, श्री ए. एस. रेड्डी श्री चिनमय मंडल, श्री दीपक त्रिवेदी और बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

## सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक गांव-गांव बाटेंगे पीले चावल, देंगे कन्या विवाह का आमंत्रण

छतरपुर (आरएनएस)। सिद्ध क्षेत्र बागेश्वर धाम में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विशाल सामूहिक कन्या विवाह महा महोत्सव आयोजित होने जा रहा है। इस आयोजन में गांव-गांव के लोगों को शामिल करने के लिए बागेश्वर महाराज पीले चावल बंटवा रहे हैं। चूंकि बागेश्वर धाम राजनगर जनपद क्षेत्र में आता है इसलिए यहां के जनप्रतिनिधियों, लोक सेवकों और अधिकारियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने बुधवार को जनपद पंचायत राजनगर की सभी ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच तथा रोजगार सहायकों को बुलाकर उनकी बैठक ली और उन्हें गांव-गांव पीले चावल बांटने की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री के अलावा राजनगर जनपद सीईओ राकेश सिंह, मुकेश पांडे, गढ़ा सरपंच सत्यप्रकाश पाठक सहित क्षेत्र की 97 पंचायत के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक मौजूद रहे। आयोजन समिति के सदस्य निशांत नायक ने बताया कि बागेश्वर धाम में 20 फरवरी से 26 फरवरी तक विशाल कन्या विवाह महा महोत्सव आयोजित हो रहा है। यह बुंदेलखंड का एक अद्भुत महोत्सव है। बालाजी की कृपा से यहां भारत के विभिन्न प्रांतो से बेटियों का चयन कर उन्हें परिणय सूत्र में बांधा जाता है। नायक ने बताया कि इस वर्ष बागेश्वर धाम सरकार ने 251 कन्याओं के विवाह करने का संकल्प लिया है। इस विशाल आयोजन में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता हो इसलिए राजनगर क्षेत्र के सभी सरपंचों, रोजगार सहायकों, सचिवों को बुलाकर उन्हें बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने जिम्मेदारी दी कि वे गांव गांव जाकर पीले चावल देते हुए लोगों को महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दें।

## प्रदेश में भ्रष्टाचार, लोकायुक्त जांच प्रतिवेदन लंबित , मोहन सरकार जांच दबाकर बैठी : नेता विपक्ष उमंग सिघार

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता विपक्ष उमंग सिंघार पलेरा नगर पहुंचे, जहां उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष नवीन साहू,कांग्रेस की विधायक श्रीमती चंदा-सुरेंद्र सिंह गौर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह गौर, नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री-विनोद वर्मा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजू राय समेत पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही बुंदेलखंड में कानून व्यवस्था और जनता की समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह सरकार विधानसभा चलाना नहीं चाहती, सरकार स्वयं डरती है, देश में सबसे कम सत्र मध्य प्रदेश में होते हैं। विधानसभा का बजट सत्र 9 दिन का रखा गया है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह मप्र के इतिहास का सबसे छोटा बजट सत्र है। मुख्यमंत्री विधानसभा में बैठते नहीं हैं। कभी आते हैं तो चले जाते हैं। वह जनता की बातों और विपक्ष के सवालों से घबराते हैं। हमनें लाइव प्रसारण की बात कही तो इसके लिए भी घबराते हैं। यह डरपोक सरकार है। विपक्ष और जनता की बात नहीं सुनना चाहती है। सिंघार ने परिवहन आरक्षक के मामले को लेकर कहा कि सौरभ शर्मा छोटी मछली है। वह किसके लिए काम करता था, उसके साथ कौन लोग जुड़े थे। यह सामने आना चाहिए। लेकिन मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर बात करने से बचते हैं। सौरभ शर्मा के नाम पर करोड़ों रुपए कमाए और जमीनें खरीदी ली गईं। प्रदेश में भ्रष्टाचार चल रहा है। कई जांच रिपोर्ट सरकार दबाकर बैठी है। लोकायुक्त के जांच प्रतिवेदन लंबित पड़े हैं।

## मध्यप्रदेश में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए विश्व बैंक और पीएचएफआई करेंगे रणनीतिक सहयोग




भोपाल (आरएनएस)मध्यप्रदेश में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में सुधार के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश की प्रबंध संचालक डॉ. सलोनी सिडाना से विश्व बैंक और पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीएचएफ़आई) के प्रतिनिधियों ने एनएचएम कार्यालय भोपाल में सौजन्य भेंट की और स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और नवाचारों पर विचार-विमर्श किया.बैठक में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन और नवाचार आधारित नीतियों के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। इसके तहत स्वास्थ्य डेटा का विश्लेषण, नीति निर्धारण, स्वास्थ्य अमले की क्षमतावृद्धि और डिजिटल हेल्थ इनिशिएटिव्स पर सहयोग की संभावनाओं पर विचार किया गया। स्वास्थ्य तंत्र को अधिक प्रभावी, सशक्त और समान बनाने के साथ-साथ प्रदेश के नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए विश्व बैंक और पीएचएफ़आई की टीम रणनीतिक सहयोग प्रदान करेंगी। बैठक में विश्व बैंक से डॉ. अमिथ बी. नागराज (सीनियर हेल्थ स्पेशलिस्ट) और डॉ. जिज्ञासा शर्मा (हेल्थ इकोनॉमिस्ट) तथा पीएचएफआई से प्रो. हिमांशु नेगांधी (डायरेक्टर, एकेडमिक्स), प्रो. अनुप करन (हेल्थ इकोनॉमिस्ट), प्रो. राजेश नायर (डायरेक्टर, प्रोजेक्ट्स), डॉ. सुहैब हुसैन (हेल्थ इकोनॉमिस्ट) और डॉ. नव्या मिश्रा (साइंटिस्ट) उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल से वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधि मंडल ने गेटिंग हेल्थ रिफॉर्म राइट फ्रेमवर्क के तहत मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सुधार के लिए एक समग्र और साक्ष्य-आधारित अध्ययन कर सुझाव देने के लिए पूर्व में चर्चा की थी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विशेष रूप से शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मानकों में सुधार लाने की आवश्यकता पर जोर दिया था। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रतिनिधि मंडल से कहा था कि मानकों में सुधार के लिए ऐसी रणनीतियां बनाई जानी चाहिए जो शॉर्ट टर्म में त्वरित प्रभाव दें साथ ही दीर्घकालिक समाधान भी प्रदान करें। इसी दिशा में एनएचएम, विश्व बैंक एवं पीएचएफआई रणनीतिक साझेदारी करेंगे।



भगवान श्रीगणेश को समर्पित होता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा का विशेष महत्व होता है। साथ ही गणेश जी की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए बुधवार का व्रत भी किया जाता है। बता दें कि भगवान गणेश की पूजा करने से जातक के आय, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है और बिगड़े काम बनने लगते हैं। ऐसे में अगर आप भी जीवन में आने वाले दुखों और संकटों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो बुधवार को सुबह स्नान आदि करने के बाद विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा करें। वहीं पूजा के दौरान श्रीगणेश को मोदक और दूर्वा जरूर अर्पित करें।



## दुर्व्यवहार की शिकार लड़कियां

किसी पुरुष के साथ यौन संबंध बनाने की महिला की सहमति उसके निजी पलों को वीडियो में कैद करने और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की सहमति के रूप में नहीं माना जा सकता। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह कहते हुए दुष्कर्म के आरोपी को जमानत देने से इंकार कर दिया। आरोपी के कृत्य को अदालत ने स्पष्ट तौर पर ब्लैकमेलिंग बताया। शिकायतकर्ता ने परिचित पुरुष से कर्ज लिया जिसे नौकरी प्राप्त होने के बाद चुकाने का वादा था। इस दरम्यान दोनों में नजदीकियां बढ़ती गईं और वे वाहट्सएप पर बातें करने लगे। वीडियो कॉल के दौरान वह जो कहता, महिला वही करती। प्रेमालाप के दौरान दोषी ने उसे बरगला कर कपड़े उतवाए और नग्न वीडियो बना लिया।

बाद में वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। अनबन होने पर दोषी ने यह वीडियो उसके पैतृक गांव के कुछ लोगों व सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उसे बदनाम करना शुरू कर दिया। उसका कहना है कि कर्ज की राशि प्राप्त न होने के कारण उसने यह कदम उठाया। चूंकि मामले में महिला मासूम नहीं है। वह विवाहित और परिपक्व है।

भावावेशवश, लाभ के लोभ में, मजबूरन या ब्लैकमेलिंग के चलते जो कुछ करने को वह राजी हुई, उस पर अपने धन की वसूली के नाम पर दोषी ने जो तरीका इख्तियार किया वह किसी स्त्री की गरिमा, निजता और अधिकारों पर अतिक्रमण है। हालांकि महिलाओं को सहमति से संबंध बनाने के बावजूद इतना सतर्क और दूरदर्शितापूर्ण निर्णय लेने से नहीं चूकना चाहिए जो विपरीत स्थितियों में उनके खिलाफ हथियार के तौर पर प्रयोग किया जा सके।

# दिल्ली जीतकर भारतीय जनता पार्टी ने दिखाई धमक

पिछले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने करीबन 30 विपक्षी दलों को साथ लेकर भाजपा के खिलाफ एक मजबूत इंडिया गठबंधन बनाया था। जिसमें शामिल सभी विपक्षी दलों ने ज्यादातर सीटों पर एक साथ मिलकर चुनाव लड़कर भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर अपनी धमक दिखायी है। 1998 में भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव हार गई थी। उसके बाद इस बार के चुनाव में ही भाजपा जीत कर अपनी सरकार बनाने वाली है। लगातार छह बार विधानसभा चुनाव में हारने से भाजपा के लिए इस बार के दिल्ली विधानसभा के चुनाव बड़ी प्रतिष्ठा के सवाल बने हुए थे। इसीलिए भाजपा ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जीत हासिल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली में मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कई दिग्गज नेताओं को हराकर अपनी पुरानी हार का बदला ले लिया है।

पिछले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने करीबन 30 विपक्षी दलों को साथ लेकर भाजपा के खिलाफ एक मजबूत इंडिया गठबंधन बनाया था। जिसमें शामिल सभी विपक्षी दलों ने ज्यादातर सीटों पर एक साथ मिलकर चुनाव लड़कर भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को 293 लोकसभा सीट ही मिल पाई थी। जबकि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा महज 240 सीटों पर सिमट गई थी। वहीं इंडिया गठबंधन ने 236 सीटे जीती थी। कांग्रेस 53 सीटों से बढ़कर 99 सीटों पर पहुंच गई थी। इसी तरह समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में 5 सीटों से बढ़कर 37 सीटों पर पहुंच गई थी।

हालांकि एनडीए गठबंधन में शामिल साथी दलों के सहयोग से भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केन्द्र में सरकार बनाने में सफल रही। मगर सामान्य बहुमत से दूर रहने के चलते भाजपा का मनोबल काफी कमजोर हो रहा था। वहीं इंडिया गठबंधन में शामिल विपक्षी दलों की लोकसभा में संख्या बढ़ने से वह सरकार पर जोरदार हमला कर रहा था।

लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को पूरा भरोसा था कि उनकी पार्टी की सरकार बनेगी। इसलिए कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से इतर विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी से समझौता नहीं कर अकेले ही चुनाव मैदान में उतरी थी। मगर हरियाणा विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने 48 सीटे जीतकर कांग्रेस को करारी शिकस्त दी थी। हरियाणा में जीत से देशभर में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ा। भाजपा ने हरियाणा में जहां लगातार तीसरी बार सरकार तो बनायी ही इसके साथ ही अब तक की सबसे अधिक 48 सीट जीत कर यह दिखा दिया कि लोकसभा चुनाव परिणाम से भाजपा के कार्यकर्ता निराश नहीं है।

उसके बाद महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा के चुनाव संपन्न हुए। महाराष्ट्र में भाजपा ने अब तक की सबसे अधिक सीटे जीतकर एक नया रिकॉर्ड बनाया। झारखंड में भाजपा चुनाव हार गई। मगर महाराष्ट्र में भाजपा की बड़ी जीत में झारखंड की हार दब कर रह गई। महाराष्ट्र में भाजपा ने अकेले 132 सीटे जीती जो अब तक की सबसे अधिक थी। वहीं भाजपा के सहयोगी शिवसेना व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी करीबन 100 सीट जीतकर महाराष्ट्र में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार व शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे को मात्र 46 सीटों पर समेट दिया। हरियाणा व महाराष्ट्र चुनाव भाजपा के लिए एक नई संजीवनी साबित हुए थे। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन महाराष्ट्र में महज 17 सीट ही जीत पाया था। मगर विधानसभा चुनाव में मिली बंपर जीत ने लोकसभा चुनाव की हार को भुला दिया।

हाल ही में दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा ने पहली बार 48 सीट जीतकर एक नया इतिहास रचा है। दिल्ली विधानसभा में भाजपा पिछले 26 वर्षों से सत्ता से बाहर थी। दिल्ली में 1998, 2003 व 2008 में लगातार तीन बार कांग्रेस की सरकार बनी थी। वहीं 2013, 2015 व 2020 में लगातार तीन बार आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी। 2015 में महज 3 सीट व 2020 में मात्र 8 सीट जीतने वाली भाजपा ने इस बार 48 सीट जीतकर अपनी ताकत का अहसास करवाया है।

हालांकि 2014, 2019 व 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा दिल्ली की सभी 7 सीटे जीतकर हैट्रिक बना चुकी है। मगर विधानसभा चुनाव में लगातार 6 बार सत्ता से बाहर रहने के कारण भाजपा इस बार हर हाल में दिल्ली में अपनी सरकार बनाना चाहती थी। इसके लिए भाजपा के सभी नेता व कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। यदि भाजपा इस बार भी दिल्ली में चुनाव हार जाती तो आगे आने वाले बिहार, असम विधानसभा के चुनाव में उसे नुकसान उठाना पड़ सकता था।

## आयकर कानून के सरल होने से विवाद घटेंगे

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरुआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा। मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चे पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है

## युद्ध के प्रति भारतीय तटस्थता नहीं, बल्कि शांतिपरक पक्षधरता को ऐसे समझिए

इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध के दौरान भी भारत का कुल मिलाकर यही नजरिया रहा है। चाहे चीन-ताइवान युद्ध की अटकलें हों या ईरान-इजरायल युद्ध की संभावनाएं, अफगानिस्तान सरकार का तालिबान के हाथों पतन हो या तुर्की के इशारे पर सीरिया की सरकार का पतन, भारत ने कभी हस्तक्षेप नहीं किया। चाहे %वैश्विक युद्ध% की संभावना की बात हो या विभिन्न देशों के बीच ब्रेक के बाद जारी %द्विपक्षीय युद्ध% की, भारत ने साफ कर दिया है कि वह ऐसे किसी भी मामले में तटस्थ नहीं, बल्कि शांति का पक्षधर है। बता दें कि अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा (12-13 फरवरी 2025) के क्रम में भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने एक सवाल का जवाब देते हुए यह साफ कर दिया है कि रूस-यूक्रेन जंग पर भारत न्यूट्रल यानी तटस्थ नहीं है। भारत शांति का पक्षधर है। इसलिए दुनियादारी के निष्णात लोग %ह% से %हलंत% तक की अटकलें लगा रहे हैं और उनके इस वक्तव्य के अंतर्राष्ट्रीय मायने निकाले जा रहे हैं। ऐसा इसलिए कि इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध के दौरान भी भारत का कुल मिलाकर यही नजरिया रहा है। चाहे चीन-ताइवान युद्ध की अटकलें हों या ईरान-इजरायल युद्ध की संभावनाएं, अफगानिस्तान सरकार का तालिबान के हाथों पतन हो या तुर्की के इशारे पर सीरिया की सरकार का पतन, भारत ने कभी हस्तक्षेप नहीं किया। वह हमेशा यही कहता रहा कि हम वसुधैव कुटुंबकम के पक्षधर हैं। पीएम मोदी भी लगातार कहते रहे हैं कि यह युद्ध नहीं, बुद्ध का समय है। जी हां, भगवान बुद्ध! वैसे दुनिया को यह भी पता है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे अमन-चैन के दुश्मनों से घिरा भारत यदि उनकी बड़ी-बड़ी कायराना व हिन्दू/भारत विरोधी हरकतों को नजरअंदाज करते हुए सीधी कार्रवाई से यदि बचता आया है तो सिर्फ इसलिए कि वह युद्ध नहीं बल्कि शांति चाहता है। इन देशों का जन्म भी क्रमशः भारत और पाकिस्तान के विभाजन से हुआ है। पाकिस्तान ने आजादी हासिल करते ही कश्मीर के सवाल पर भारत से छद्म लड़ाई छेड़ दी। उसके बाद 1965 और 72 में सीधी लड़ाई लड़कर बुरी तरह से मात खाया। 1999 में भी उसने कारगिल में छद्म युद्ध छेड़ा और बुरी तरह से पीटा। उसके इशारे पर थिरकने वाले बंगलादेश की भी कुछ ऐसी ही नियति है। उधर, 1962 में भारत के खिलाफ युद्ध लड़ चुका चीन इन दोनों देशों को प्रोत्साहन देता आया है। हालांकि, आजादी के बाद पाकिस्तान की और पाकिस्तान से आजादी हासिल करने के दौरान बंगलादेश की भारत ने दिल खोलकर मदद की, लेकिन दोनों देश भारत से सांप्रदायिक नफरत रखते हैं, इस वास्ते किसी भी हद तक गुजर जाने के लिए ततपर रहते हैं और विदेशी ताकतों की हाथों में खेलते रहते हैं। भारत इसे बखूबी समझता है। वह इन दोनों देशों में निरंतर ब्रेक के बाद जारी हिंदुओं के दमन-उत्पीड़न और हत्याओं के बावजूद इन्हें क्षमा करता आया है, ताकि इनकी सांप्रदायिक फितरत बदलते। इतना ही नहीं, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, मालदीव आदि जैसे मौकापरस्त पड़ोसी देशों से जुड़े घटनाक्रमों पर जब आप गौर करेंगे तो भारतीय धैर्य की दाद आपको देनी पड़ेगी। यदि उनके हितों का सवाल नहीं हो तो भारत ने कभी सैन्य हस्तक्षेप इन देशों के खिलाफ नहीं किया।

## महाकुम्भ में सनातन धर्म का विराट दर्शन, श्रद्धालुओं की संख्या 50 करोड़ पार

महाकुम्भ नगर। तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम %महाकुम्भ 2025% अब इतिहास रच चुका है। यहां अबतक पचास करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। 50 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अबतक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। इस विराट समागम का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया में केवल भारत और चीन की जनसंख्या ही यहां आने वाले लोगों की संख्या से अधिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मुग्ध कर दिया है। यूएस सेंसस ब्यूरो की एक रिपोर्ट के अनुसार पूरी दुनिया के 200 से अधिक राष्ट्रों में जनसंख्या के दृष्टिकोण से टॉप 10 देशों में क्रमश- भारत (1,41,93,16,933), चीन (1,40,71,81,209), अमेरिका (34,20,34,432), इंडोनेशिया (28,35,87,097), पाकिस्तान (25,70,47,044), नाइजीरिया (24,27,94,751), ब्राजील (22,13,59,387), बांग्लादेश (17,01,83,916), रूस (14,01,34,279) और मैक्सिको (13,17,41,347) शामिल हैं।

## विदेश जाकर पैसा कमाना आसान रास्ता नहीं

बलदेव राज भारतीय

हाल में अमेरिका से 104 आप्रवासी भारतीयों को हथकडियां और बेड़ियां लगा कर भारत डिपोर्ट कर दिया गया। ये 104 उन लोगों में से थे जो या तो अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे या अपनी वीजा अवधि समाप्त होने के वे पश्चात वहीं रह रहे थे और अमेरिकी प्रशासन के कड़े आव्रजन नियमों की गिरफ्त में आ गए।

अवैध रूप से अमेरिका जाने का जो तरीका सबसे अधिक चर्चा में है, उसे %डंकी रूट' कहा जाता है। इस रूट के जरिए अमेरिका पहुंचने की कोशिश करने वालों को जोखिमों का सामना करना पड़ता है-जान का खतरा, लूट-खसोट, यौन शोषण, गिरोहों द्वारा बंधक बनाए जाने जैसी घटनाएं आम हैं। सच्चाई यह है कि यह स्वर्गिक आनंद उठाने का नारकीय मार्ग है। जो व्यक्ति डंकी रू ट से अमेरिका जाने की योजना बनाता है, उसे औसतन 40 से 50 लाख रु पये खर्च करने पड़ते हैं। यह पैसा एजेंटों, फर्जी दस्तावेज, यात्रा और अन्य व्यवस्थाओं में लग जाता है। लेकिन इस मोटी रकम के बावजूद कोई गारंटी नहीं कि व्यक्ति सुरक्षित अमेरिका पहुंच ही जाएगा।

अमेरिका तक पहुंचने के लिए कई देशों से होते हुए बेहद खतरनाक सफर तय करना पड़ता है। इसमें आम तौर पर दुबई, रूस, यूरोप, दक्षिण अमेरिका और फिर मैक्सिको जैसे देशों का रास्ता लिया जाता है। मैक्सिको से अमेरिका की सीमा पार करना सबसे खतरनाक पड़ाव होता है। यहां कई बार लोगों को मानव तस्कर गिरोहों के हाथों लूट लिया जाता है, महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं आम हैं, और कई बार लोगों को बंदी बना कर फिरौती मांगी जाती है। यह यात्रा इतनी कठिन होती है कि कई लोग इसे पूरा करने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। अमेरिका और मैक्सिको की सीमा पर रेगिस्तान और जंगलों में हर साल सैकड़ों शव पाए जाते हैं, जो इस खतरनाक सफर की भयावहता दर्शाते हैं।

अगर कोई खतरनाक सफर के बाद अमेरिका पहुंच भी जाता है, तो भी मुश्किलें खत्म नहीं होतीं। उसे या तो राजनीतिक शरण का दावा करना पड़ता है या कोई और बहाना बनाना पड़ता है ताकि अमेरिका में रह सके। राजनीतिक शरण पाने के लिए लोग अक्सर झूठे दावे करते हैं। कई लोग भारत में राजनीतिक उत्पीडन् का झूठा दावा करते हैं-कहते हैं कि उनकी जान को खतरा है, उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है, या भारत में उन्हें धार्मिक या जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है।

## काशी तमिल संगमम का साक्षी बनेगा महाकुम्भ, 16 फरवरी से 24 फरवरी तक होगा आयोजन

महाकुम्भ नगर। काशी तमिल संगमम प्रयागराज महाकुम्भ में उत्तर और दक्षिण भारत की संस्कृतियों का साक्षी बनेगा। 16 फरवरी से 24 फरवरी के बीच दक्षिण भारत के अतिथि प्रयागराज महाकुम्भ भी आएंगे। काशी तमिल संगमम का यह तीसरा संस्करण एक भारत, श्रेष्ठ भारत के उद्देश्य को आगे बढ़ाने में उपयोगी साबित होगा। प्राचीन भारत में शिक्षा और संस्कृति के दो महत्वपूर्ण केंद्रों वाराणसी और तमिलनाडु के बीच जीवंत संबंधों को पुनर्जीवित करने क्रम में काशी तमिल संगमम का आयोजन किया जा रहा है। काशी तमिल संगमम का उद्देश्य एकता में विविधता को मजबूत करना है, विशेष रूप से काशी और तमिलनाडु के बीच संबंध को सुदृढ़ करना है। इस वर्ष काशी तमिल संगमम दो महत्वपूर्ण आयोजनों के साथ हो रहा है जो इसे और विशिष्ट बनाने जा रहा है। इसमें संगम, प्रयागराज में महाकुंभ का उत्सव और अयोध्या में रामजन्म भूमि मंदिर का उद्घाटन शामिल है। वैसे तो काशी तमिल संगमम (3.0) का मुख्य कार्यक्रम वाराणसी में मनाया जाएगा लेकिन इन प्रतिनिधियों को संगम, प्रयागराज में पवित्र स्नान और अयोध्या में भगवान राम के दर्शन के लिए ले जाया जाएगा। डीएम प्रयागराज रविंद्र कुमार मांदड़ का कहना है कि प्रयागराज में इसके आयोजन की तैयारियां पूरी हो चुकी

## आप का किला बुरी तरह ढहा

योगेश कुमार गोयल

दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) का किला बुरी तरह ढह गया है। आतिशी को छोड़ कर पार्टी के लगभग तमाम दिग्गज नेता चुनाव हार गए हैं, और आप ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है।

2015 में आप ने 67 सीटें जीती थीं लेकिन 2020 में यह संख्या घट कर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 में मात्र 3 सीटें जीती थीं जबकि 2020 में 8 सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई है।

सत्ताइस साल पहले भाजपा की सुषमा स्वराज आखिरी बार 52 दिन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थीं और अब दिल्ली में भाजपा की सत्ता में बड़ी वापसी हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आप पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे और यह विधानसभा चुनाव इस बार आप के लिए नाक का सवाल था लेकिन भाजपा ने आप को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। बड़ा सवाल यही है कि आखिर, आप की बड़ी हार के पीछे प्रमुख कारण क्या रहे? दिल्ली में आप ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विकास कार्य की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया। परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया।

राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्होंने लग्जरी गाड़ियां तो लीं ही, केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की शीर्ष सुरक्षा भी ली। पार्टी की आंतरिक कलह और नेतृत्व के मुद्दों ने भी आप की हार में योगदान दिया। कई वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोडने या निष्क्रिय होने से संगठनात्मक ढांचे में कमजोरी आई। नेतृत्व के प्रति असंतोष और निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी ने भी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के मनोबल को प्रभावित किया। आप सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सुविधाएं मुफ्त मुहैया कराने की घोषणा की थी लेकिन विपक्ष ने इसे %रेवड़ी संस्कृति' कह कर आलोचना करते हुए आर्थिक रूप से अव्यावहारिक बताया।


इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में समस्याओं ने भी जनता के बीच नकारात्मक धारणा बनाई जिससे %आप' की लोकप्रियता में गिरावट आई। दिल्ली में सड़क, परिवहन और स्वच्छता के क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढांचे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। प्रदूषण, जलभराव और कूड़े के ढेर जैसी समस्याओं का समाधान न होने से जनता में केजरीवाल सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी। इन मुद्दों पर सरकार की निष्क्रियता ने मतदाताओं को निराश किया। दिल्ली में आप की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को माना जाता रहा लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने भी %आप' वाला ही दांव खेला और अपने चुनावी संकल्पों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो कीं ही, साथ ही यह ऐलान भी किया कि सत्ता मिलने पर आप द्वारा चलाई जा रहीं तमाम योजनाओं को जारी करेगी। भाजपा की इन घोषणाओं से आप की चुनौती बहुत बढ़ गई थी।

विपक्ष खासकर भाजपा की मजबूत रणनीति तथा मुखर प्रचार आप के लिए बड़ी चुनौती बना। कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे जिसने कई सीटों पर आप को आसान जीत से रोकने में अहम भूमिका निभाई। भ्रष्टाचार, विकास की कमी और अन्य मुद्दों पर केंद्रित अभियानों ने जनता के बीच आप के प्रति नकारात्मक धारणा बनाई। भाजपा ने सामाजिक-धार्मिक मुद्दों को भी पुरजोर तरीके से उठाया जिससे आप के समर्थन में बड़ी कमी आई। चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की चर्चाएं थीं लेकिन हरियाणा विधानसभा में दोनों के बीच गठबंधन न होने के कारण दिल्ली में भी दोनों दलों के बीच गठबंधन नहीं हो सका जिसके चलते विपक्षी मतों का विभाजन हुआ और इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला।

पिछले दो विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती थी। 2015 में कांग्रेस को 9.7 प्रतिशत मत मिले थे लेकिन 2020 में मतों का प्रतिशत गिर कर 4.3 फीसद रह गया था लेकिन इस बार कांग्रेस के मत प्रतिशत में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका नुकसान भी आप को भुगतना पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी हर चुनावी सभा में %आप' को ऐसी %आपदा' करार देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने का भरपूर प्रयास किया जिसने जनता के फायदे के लिए मिलने वाली केंद्र की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने दिया। इससे भी मतदाताओं के बीच आप की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ा और %आपदा' वाले नारे से भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश कई गुना बढ़ा। दिल्ली की आबादी में पूर्वांचल (बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड) से आए लोगों की महत्त्वपूर्ण हिस्सेदारी है और विपक्ष ने इस समुदाय की समस्याओं को नजरअंदाज करने के आरोप लगाते हुए आप सरकार को घेरने में कसर नहीं छोड़ी।

हरहाल, केजरीवाल का दावा था कि राजनीति में नैतिकता और शुचिता की राजनीति करने आए हैं, लेकिन उन्होंने दूसरे राज्यों के चुनावों में जिस तरह से पैसा खर्च किया और दिल्ली में कोरोना काल के दौरान करोड़ों रुपये खर्च कर जो %शीशमहल' बनवाया, उसे लेकर उन पर लगातार लगते रहे आरोपों का पार्टी के पास ही कोई कारगर जवाब नहीं था। देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के बड़े-बड़े दावों के बीच शराब घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के छींटे, केजरीवाल की तानाशाहीपूर्ण नेतृत्व शैली, अड़यिल रवैया, इस तरह की बातों से मतदाताओं का केजरीवाल से मोहभंग होता गया और भाजपा एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरती गई। कुल मिला कर केजरीवाल की कथनी-करनी के बीच बड़ा अंतर आप की हार का बड़ा कारण रहा।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आज आपके रुके हुए महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। आज आप अपन व्यवहार सकारात्मक बनाएं रखें। भविष्य के लिए बनाई योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार करने की जरूरत हैं।

वृष राशि- आज का दिन व्यापार की गति बढ़ाने वाला साबित होगा। किसी पुराने निवेश से आज आपको फायदा होगा। आज योजन बनने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है।

मिथुन राशि- आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नए काम करने में लगेगा। आज आपके बिजनेस में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

कर्क राशि- आज का दिन ठीकङ्कठाक रहने वाला है। आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें। ऑफिस के रुके हुए कार्य निपटाने की कोशिश करेंगे जिनमें आप सफल भी रहेंगे। परिवार से जुड़ा कोई भी फैसला सोच समझकर लें,

सिंह राशि- आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। किसी से भी बात करते समय वाणी पर संयम बनाएं रखें।

कन्या राशि- आज आपका ध्यान ऑफिस के कार्यों को पूरा करने में लगा रहेगा। अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

तुला राशि- आज आपके मन में नए नए विचार आएंगे। आज आप कुछ ज्यादा ही जोश में रहेंगे। आज आप अपने बनाए प्लान में बदलाव करेंगे, जिससे आपको लाभ भी होगा।

वृश्चिक राशि- आज बड़े बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे है। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देंगे।

धनु राशि- आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा। आप घर वालों के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगायेंगे। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज पड़ोसियों के बीच आपका मानङ्कसम्मान बढ़ेगा।

मकर राशि- आज वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोतरी भी होगी, जिससे आप आज पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे। आज आप अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाएं रखें।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपन योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से बात होगी।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज जो भी काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता मिलेगी। संतान की करियर को बेहतर दिशा देने के लिए आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे।



**कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने शनिवार को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका से भारतीय निर्वासित लोगों को लेकर दूसरे अमेरिकी विमान का आगमन भारतीय कूटनीति के लिए एक परीक्षण होगा। चिदम्बरम ने एक्स पर लिखा कि सभी की निगाहें अमेरिकी विमान पर होंगी जो आज अवैध अप्रवासियों को वापस लेकर अमृतसर में उतरेगा। क्या निर्वासितों को हथकड़ी लगाई जाएगी और उनके पैर रस्सियों से बांध दिए जाएंगे?**

# भारत के ब्रह्मोस मिसाइल की वैश्विक मांग बढ़ी, 4 और देश बन सकते हैं खरीदार

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। भारत में निर्मित ब्रह्मोस सुपरसॉनिक क्रूज मिसाइल की लोकप्रियता दुनियाभर में बढ़ती जा रही है। फिलीपींस को सफलतापूर्वक मिसाइल की आपूर्ति शुरू करने के बाद, अब चार और देशों ने इस अत्याधुनिक हथियार को हासिल करने में दिलचस्पी दिखाई है। हालांकि, रक्षा मंत्रालय या सेना की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

भारत सरकार चार अतिरिक्त देशों ङ्क संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, मिस्र और वियतनाम ङ्क को ब्रह्मोस मिसाइल बेचने की योजना बना रही है। रिपोर्ट में सूत्रों का हवाला देते हुए बताया गया है कि ये देश मुख्य रूप से ब्रह्मोस के भूमि-आधारित संस्करण में रुचि दिखा रहे हैं। फिलीपींस ने तटीय रक्षा के लिए ब्रह्मोस के एंटी-शिप संस्करण का ऑर्डर दिया है, जिसकी मारक क्षमता 290 किलोमीटर है।

इससे पहले, भारत ने फिलीपींस के साथ ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति का सौदा तय किया था और डिलीवरी भी शुरू कर दी है। इंडोनेशिया के साथ भी मिसाइल खरीद को लेकर बातचीत जारी है और जल्द ही इंडोनेशियाई प्रतिनिधिमंडल के भारत आने की संभावना है।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस के महानिदेशक जेआर जोशी ने एक अखबार से बातचीत में बताया कि ब्रह्मोस एनजी (नेक्स्ट जेनरेशन) मिसाइल के परीक्षण शुरू हो चुके हैं और 2026 तक पूरे होने की उम्मीद है। इस नई पीढ़ी की मिसाइल को सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों पर तैनात किया जाएगा, जिससे इसकी हवाई मारक क्षमता और बढ़ेगी।

एयरो इंडिया 2025 के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय रक्षा उद्योग की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश एक क्रांतिकारी परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने बताया कि एक समय था जब भारत अपनी रक्षा जरूरतों के लिए 65-70त्न आयात पर निर्भर था, लेकिन आज स्थिति उलट गई है और लगभग उतने ही प्रतिशत रक्षा उपकरणों का निर्माण देश में ही हो रहा है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि भारत अब छोटे हथियारों से लेकर ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल सिस्टम जैसे बड़े हथियार प्लेटफॉर्म तक कई देशों को निर्यात कर रहा है। यह न केवल भारत के रक्षा निर्यात को बढ़ा रहा है, बल्कि वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के साथ नए रक्षा सहयोग और साझेदारी को भी मजबूत कर रहा है।

**एलओसी पर पाकिस्तान ने किया सीजफायर का उल्लंघन, भारतीय सेना ने दिया जवाब; कई पाक सैनिकों के मारे जाने की खबर**

जम्मू (आरएनएस)। पाकिस्तान एलओसी पर अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एलओसी पर उसने सीजफायर का उल्लंघन करते हुए गोलीबारी की। गोलीबारी का भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया, जिसमें काफी संख्या में पाकिस्तानी सैनिक हताहत हुए। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पाकिस्तान की तरफ हुए नुकसान की जानकारी तत्काल नहीं मिल पाई है, लेकिन अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी सेना को काफी नुक्सान हुआ है। भारतीय सेना ने इस जानकारी की न तो पुष्टि की और न ही खंडन किया। अधिकारियों ने बताया कि कृष्णा घाटी सेक्टर में पाकिस्तान द्वारा संघर्ष-विराम का उल्लंघन ऐसे समय में किया गया, जब एक दिन पहले ही जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में एक कैप्टन सहित 2 भारतीय सैन्यकर्मियों की जान चली गई थी। भारत और पाकिस्तान द्वारा 25 फरवरी 2021 को संघर्ष-विराम समझौते को नवीनीकृत करने के बाद से नियंत्रण रेखा पर संघर्ष-विराम उल्लंघन की बहुत कम घटनाएं दर्ज की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने नियंत्रण रेखा पर तारकुंडी क्षेत्र में अग्रिम चौकी पर बिना उकसावे के गोलीबारी कर संघर्ष-विराम का उल्लंघन किया, जिसका भारतीय सेना ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। इस बीच सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी सेना के एक अधिकारी का वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें वह मारे गए सैनिकों को श्रद्धांजलि देते नजर आ रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की.



विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली में संसद भवन में कांग्रेस सांसदों की बैठक की अध्यक्षता की.

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में पेश किया नया आयकर बिल

नई दिल्ली (आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गुरुवार को लोकसभा में नया इनकम टैक्स बिल 2025 पेश कर दिया गया है। नए बिल में सरकार ने कानूनों के सरलीकरण पर जोर दिया गया है। नया कानून पुराने इनकम टैक्स एक्ट, 1961 की जगह लेगा, जो कि मौजूदा समय में पुराना पड़ चुका है और बार-बार संशोधनों के कारण काफी पेचीदा हो गया है। नए इनकम टैक्स बिल 2025 में सरकार ने सुधारों और कानून को सरल बनाने पर जोर दिया है।

नए इनकम टैक्स बिल 2025 में सेक्शन की संख्या घटाकर 819 से 536 कर दी गई है। इसमें अनावश्यक छूटों को समाप्त कर दिया गया है और साथ ही नए बिल में कुल शब्द संख्या 5 लाख से घटाकर 2.5 लाख कर दी गई है। नए इनकम टैक्स बिल में चीजों को आसान बनाने पर फोकस किया गया है। साथ ही 'असेसमेंट ईयर' को 'टैक्स ईयर' से रिप्लेस किया जाएगा। नया टैक्स कानून एक अप्रैल, 2026 से अमल में लाया जाएगा।

लोकसभा में पेश होने के बाद, नए कानून को आगे के विचार-विमर्श के लिए वित्त पर संसदीय स्थायी समिति को भेजा जाएगा। यह बिल मौजूदा टैक्स स्लैब में बदलाव नहीं करेगा या दी गई टैक्स छूट को कम करेगा। इसके बजाय नए कानून का लक्ष्य छह दशक पुराने कानून को मौजूदा समय के अनुकूल बनाना है। इससे भारत का टैक्स बेस मजबूत होगा और लंबे समय में आय स्थिरता में सुधार होगा। यह कानून भारत के टैक्स सिस्टम को ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिस के करीब भी लाता है। नए इनकम टैक्स बिल 2025 की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें टेक्नोलॉजी से संचालित असेसमेंट पर ध्यान केंद्रित किया गया है। अधिक स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए नए इनकम टैक्स बिल में व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए व्याख्या को आसान बनाने के लिए टैक्स प्रावधानों को समझाने के लिए तालिकाएं, उदाहरण और सूत्र भी शामिल किए गए हैं। टैक्स कानूनों को सरल बनाकर नए इनकम टैक्स बिल 2025 में सरकार की कोशिश है कि बिजनेस अपना ध्यान वृद्धि पर लगाए न कि टैक्स प्लानिंग पर। इससे देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**आप विधायक अमानतुल्लाह खान को राहत, गिरफ्तारी पर लगी रोक**

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को आज राउज एवेन्यू कोर्ट ने राहत देते हुए?उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।?अदालत ने अमानतुल्लाह को पुलिस की जांच में शामिल होने को कहा है।?सुनवाई के दौरान अमानतुल्लाह खान के वकील ने कहा कि वो जांच में शामिल होने के लिए तैयार हैं। उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि अमानतुल्लाह खान से जामिया नगर थाने में पूछताछ हो, ऐसी जगह हो जहां सीसीटीवी लगे हों। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को जामिया नगर में पुलिस की एक टीम पर कथित रूप से हमला करने के आरोप में ओखला से विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

## सूदखोर के घर से रेड के दौरान मिली नोटों की गड्डियां, सोना भी बरामद; पुलिस के उड़े होश!

गडक (आरएनएस)। कर्नाटक के गडक में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने एक घर से करीब पांच करोड़ रुपये की नकदी और 992 ग्राम सोना बरामद किया है। बताया जा रहा है कि कर्नाटक पुलिस ने सूद पर पैसे लगाने वाले यल्लप्पा मिस्किन के घर छापा मारा था। छापेमारी में चार करोड़ 90 लाख, 98 हजार रुपये की नगदी जब्त की गई है। इसके अलावा 992 ग्राम सोना भी जब्त किया गया है।

पुलिस ने सूदखोरी करने वाले यल्लप्पा मिस्किन समेत छह लोगों को भी गिरफ्तार किया है। गडक के एसपी बी.एस. नेमागौड़ा ने बताया कि पुलिस ने दो दिन में 13 जगहों पर छापेमारी की थी। इसी कार्रवाई के दौरान नकदी और सोना जब्त किया गया है। इसके अलावा कई दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं।

एसपी बी.एस. नेमागौड़ा के अनुसार, पुलिस ने 650 बॉन्ड, चार बैंक एटीएम, बैंक के नौ पासबुक और दो एलआईसी बॉन्ड समेत अवैध रूप से रखी गई 65 लीटर शराब जब्त की है।

पुलिस के मुताबिक, यल्लप्पा मिस्किन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसने यल्लप्पा से 1.90 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था



झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अभ्यर्थियों ने परीक्षा में देरी को लेकर रांची में जेपीएससी कार्यालय के बाहर जेपीएससी अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ सिर मुंडवाकर और शव यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।

## इस राज्य के सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले, महंगाई भत्ते में हुई 4 फीसदी की बढ़ोतरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। 2026 के विधानसभा चुनाव से पूर्व, पश्चिम बंगाल पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने राज्य का अंतिम पूर्ण बजट पेश कर दिया है। इस बजट में सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (ष्ठ) में 4त्न की बढ़ोतरी की घोषणा की गई है, जो 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी।

राज्य वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने विधानसभा में किए बयान में बताया कि यह बढ़ोतरी लाखों सरकारी कर्मचारियों को महंगाई के बढ़ते प्रभार से राहत दिलाने का महत्वपूर्ण कदम है। कई महीनों से महंगाई भत्ते में सुधार की मांग करने वाले कर्मचारियों ने इस घोषणा का स्वागत किया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

बजट में महंगाई भत्ते की बढ़ोतरी के अलावा अन्य प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। हालांकि, लक्ष्मी भंडार योजना के लिए आवंटित राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई, वहीं घाटल मास्टर प्लान के लिए 500 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इस परियोजना के अगले दो वर्षों में पूरी होने की संभावना है, जिससे राज्य के विकास में योगदान मिलेगा।

## हम लोगों के रहते भाजपा की बिहार में नहीं बनेगी सरकार : लालू यादव

पटना (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत के बाद भाजपा और एनडीए के नेता उत्साहित हैं। इसे लेकर एनडीए के नेताओं का कहना है कि दिल्ली तो झांकी है, बिहार अभी बाकी है। इस बीच, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने गुरुवार को यहां कहा कि हम लोग के रहते बिहार में भाजपा सरकार नहीं बना सकेगी।

दरअसल, राजद अध्यक्ष पटना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस क्रम में जब उनसे एनडीए के नेताओं के 'दिल्ली के बाद बिहार की बारी है और 225 पार होगा परिणाम' से संबंधित बयान को लेकर सवाल किया गया, तब लालू यादव ने कहा कि दिल्ली चुनाव परिणाम का यहां कोई असर नहीं पड़ेगा। भाजपा बिहार में सत्ता से जाएगी।

उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, भाजपा कैसे बना लेगी सरकार? हम लोग के रहते भाजपा सरकार बना लेगी? भाजपा को लोग जान गए हैं। अब वह कभी सत्ता में नहीं आएगी।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा में प्रचंड जीत के बाद भाजपा और एनडीए के नेताओं की नजर इस साल होने वाले बिहार विधानसभा पर है। भाजपा और एनडीए के नेताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव में 225 सीटों पर विजय पाने के लक्ष्य को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

भाजपा की विधायक और ओलंपिक खिलाड़ी श्रेयसी सिंह ने बुधवार को कहा था कि जिस तरह दिल्ली में कांग्रेस का खाता नहीं खुला है, उसी तरह बिहार में तेजस्वी यादव का भी खाता नहीं खुलने वाला है।

## इस गांव में एक दिन के लिए सब घरों पर लगता है ताला, न जलता है चूल्हा और न दीया

हैदराबाद (आरएनएस)। क्या आपने आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में ताडिपत्रि मंडल में मौजूद तलारी चेरुवु गांव का नाम सुना या पढ़ा है। अगर नहीं सुना या पढ़ा नहीं है तो आपको इस गांव की अजीब परंपरा के बारे में हम आपको बताते हैं। प्रथा का नाम अग्गीपाडु है। इस प्रथा के तहत गांव में घरों, मंदिरों और स्कूलों में ताला डालने की प्रथा का है। प्रथा का पालन इस गांव के लोग सैकड़ों सालों से करते आ रहे हैं। प्रथा के तहत साल में एक दिन गांव के लोग अपने घरों को ताला लगाते हैं और चूल्हा भी नहीं जलाते। दरअसल कई साल पहले तलारी चेरुवु गांव में एक ब्राह्मण को फसल चुराने की वजह से गांव वालों ने पीट-पीटकर मार डाला था। मृत ब्राह्मण के श्राप से गांव में बीमारियां फैल गईं और सब ओर मातम छा गया। इसके बाद गांववालों ने राहत के लिए एक ऋषि से मुलाकात की। ऋषि ने उन्हें इस श्राप से मुक्ति पाने के लिए कहा कि गांव वालों को सलाह दी कि वह हर साल माघ पूर्णिमा के दिन गांव में दीया या चूल्हा न जलाएं।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बेंगलुरु में एयरो इंडिया के मौके पर जिम्बाब्वे के रक्षा मंत्री ओप्पा चार्म जेड मुचिंगुरी काशीरी से मुलाकात की।



उत्तर प्रदेश के वाराणसी में माघ पूर्णिमा के अवसर पर गंगा में पवित्र डुबकी लगाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु दशाश्वमेध घाट पर एकत्रित हुए।

# तीन टावर, 300 कमरे... 150 करोड़ में बनकर तैयार हुआ आरएसएस का नया हेडक्वार्टर

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बुधवार को राजधानी दिल्ली में अपने अत्याधुनिक नए कार्यालय परिसर 'केशव कुंज' का उद्घाटन किया। लगभग 5 लाख वर्ग फुट में फैला यह विशाल परिसर आधुनिक सुविधाओं से लैस है और सार्वजनिक दान के माध्यम से जुटाए गए 150 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित हुआ है।


केशव कुंज में कई इमारतें शामिल हैं, जिनमें टावर, एक विशाल ऑडिटोरियम, एक समृद्ध पुस्तकालय, पांच बिस्तरों वाला अस्पताल और एक हनुमान मंदिर प्रमुख हैं। इस परिसर का निर्माण ऋस्स् के बढ़ते कार्यों और गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के उद्देश्य से किया गया है।

यह नया मुख्यालय दिल्ली के झंडेवाला इलाके में 4 एकड़ भूमि पर बना है और आकार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्यालय से भी बड़ा है। केशव कुंज को कार्यक्रमों, प्रशिक्षण शिविरों और महत्वपूर्ण बैठकों के आयोजन के लिए एक आदर्श स्थान के रूप में डिजाइन किया गया है। पुस्तकालय शोधकर्ताओं और विद्वानों के लिए ज्ञान का केंद्र होगा, जबकि ऑडिटोरियम बड़े पैमाने पर कार्यक्रमों की मेजबानी करने में सक्षम होगा।

परिसर में तीन भव्य टावर हैं ङ्क साधना, प्रेरणा और अर्चना। इन तीनों टावरों में कुल 300 कमरे हैं। साधना टावर में ऋस्स् के कार्यालय स्थित हैं, जबकि प्रेरणा और अर्चना टावर आवासीय परिसर हैं। दोनों आवासीय टावरों के बीच एक सुंदर खुला क्षेत्र है, जिसमें एक आकर्षक बगीचा और ऋस्स् के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार की प्रतिमा स्थापित है।

केशव कुंज में 135 कारों के लिए पार्किंग की व्यवस्था है, जिसे भविष्य में 270 कारों तक बढ़ाया जा सकता है। ऋस्स् कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इस विशाल परियोजना के लिए उदारतापूर्वक दान दिया है। रिपोर्टों के अनुसार, लगभग 75,000 लोगों ने 5 रुपये से लेकर लाखों रुपये तक का योगदान दिया है।

भव्य 'केशव कुंज' परिसर पारंपरिक राजस्थानी और गुजराती वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है। इसके निर्माण में 1,000 ग्रेनाइट फ्रेम का उपयोग किया गया है और लकड़ी का उपयोग कम से कम किया गया है। परिसर में 'केशव पुस्तकालय' नामक एक विशेष पुस्तकालय भी है, जो संघ से संबंधित शोध कार्यों का केंद्र बनेगा।




अंकिता लोखंडे और विक्की जैन ने 5 साल पहले शादी की थी। शादी से पहले दोनों ने कई सालों तक डेट किया। उनकी शादी काफी धूमधाम से हुई थी और इस खास मौके पर कई टॉप टीवी सितारे शामिल हुए थे। इन 5 सालों में इस जोड़े ने अपने रिश्ते के अलग-अलग पहलू दिखाए हैं। वे साथ में मस्ती करते हैं, अक्सर उनके बीच मतभेद होते हैं लेकिन वे हमेशा एक-दूसरे का साथ देते हैं।

जबलपुर दिन रविवार 16 फरवरी 2025

दैनिक क्षितिज किरण 6

# दुलहनिया बीड़ीवाली शो में नजर आएंगी पौलमी दास



'बिग बॉस ओटीटी 3' की पूर्व प्रतियोगी पौलमी दास 'दुलहनिया बीड़ीवाली' शो में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। शो में अभिनेत्री के किरदार का नाम चंपा है। 'दुलहनिया बीड़ीवाली' की कहानी निशा नामक एक नवविवाहिता की है, जो अपने पति रोहन के साथ अपने पैतृक गांव जाती है, जहां उसे चंपा (पौलमी) की किंवदंती से जुड़े एक अभिशाप का पता चलता है। गांव में रिवाज रहता है कि इस भय से बचने के लिए हर आदमी को दुल्हन की पोशाक पहननी पड़ेगी।

हालांकि, रोहन ऐसा करने से इंकार कर देता है। इसके बाद कहानी में से कई रहस्य सामने आने लगते हैं, जिसे लेकर गांव में भय व्याप्त हो जाता है। निशा का अतीत उसके सामने आकर खड़ा हो जाता है। इसके बाद वह रोहन की रक्षा करने और अभिशाप को तोड़ने के लिए लड़ाई लड़ती है। 'दुलहनिया बीड़ीवाली' में ड्रामा रहस्य, परंपरा और अलौकिक तत्वों का मिश्रण है।

अभिनेत्री पिछली बार एएलटीटी के शो 'नागवधू- एक जहरीली कहानी' में नजर आई थीं। अभिनेत्री इंडियाज नेक्स्ट टॉप मॉडल में एक प्रतियोगी के तौर पर भाग ले चुकी हैं। साल 2016 में वह 'सुहानी सी एक लड़की' में भी काम कर चुकी हैं, जिसमें उनके किरदार का नाम 'बेबी' रहता है।

अभिनेत्री को 'दिल ही तो है' में 'अनन्या पुरी' नामक किरदार के रूप में लिया गया था। साल 2020 में उन्हें 'कार्तिक पूर्णिमा' में 'पूर्णिमा' की मुख्य भूमिका में लिया गया। पौलमी 'पौरषपुर' और 'नागिन 6' टाइटल के वेब सीरीज में भी काम कर चुकी हैं।

## साइंस-फिक्शन बैदा का फर्स्ट लुक आउट

अपकमिंग साइंस-फिक्शन सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म 'बैदा' के फर्स्ट लुक को मेकर्स ने आउट कर दिया। फिल्म का पोस्टर दर्शकों को एक दिलचस्प दुनिया में ले जाने का वादा करती है, जिसमें खाली पड़े घर, लालटेन, जंगल और भ्रम का जाल नजर आया। निर्देशक सुधांशु राय की एक लोकप्रिय ऑडियो स्टोरी पर बनी फिल्म का बैकग्राउंड भारत के हिंदी हार्टलैंड से है। फिल्म का निर्देशन सुधांशु राय और पुनीत शर्मा ने किया है। साइंस-फिक्शन थ्रिलर फिल्म में शोभित सुजय, मनीषा राय, तरुण खन्ना, सौरभ राज जैन, हितेन तेजवानी, अखलाक अहमद आज़ाद और प्रदीप काबरा हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए पुनीत शर्मा ने कहा, बैदा भ्रम की कहानी है, जिसमें सुधांशु का किरदार फिल्म में कई आयामों और समय-सीमाओं से

# अनुष्का सेन ने कातिल अदाओं से इंटरनेट पर बरपाया कहर, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख दीवाने हुए फैंस



एक्ट्रेस अनुष्का सेन आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका क्यूटनेस भरा अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

अनुष्का सेन ने बेहद ही कम उम्र से अपने करियर की शुरुआत की थी। एक्ट्रेस ने टीवी शोज में अपनी दमदार एक्टिंग से करोड़ों दर्शकों के दिल में अपनी जगह बनाई है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें उनका क्यूट लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

अनुष्का सेन की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने पिंक कलर का बेहद ही स्टाइलिश वनपीस ड्रेस पहना हुआ था, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग पोज देते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवा रही हैं।

बालों को स्टाइलिश लुक में बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका ये कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचा रहा है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो जब भी इंस्टाग्राम पर अपनी स्टाइलिश लुक में फोटोज शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक को फॉलो करते हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर तूफान लेकर आई नागा चैतन्य की थंडेल, 4 दिन में वर्ल्डवाइड कलेक्शन 70 करोड़ का आंकड़ा पार

पुष्पा 2 द रूल के बाद इस साल जो फिल्म दुनियाभर में तूफान मचा रही है, वो नागा चैतन्य और साई पल्लवी की फिल्म थंडेल है। चंदू मोंडेती के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में भी कोहराम मचा दिया है। चार दिन में कारोबार ने आसमान छू लिया है।

रोमांटिक एक्शन थ्रिलर थंडेल 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों ने खूब सराहा है। इसी का नतीजा है कि फिल्म दुनियाभर में अच्छा बिजनेस कर रही है। गौर फरमाने वाली बात है कि इस फिल्म के साथ बॉलीवुड की दो और फिल्में लवयापा और बैडएस रवि कुमार भी आईं। हालांकि, यह दो नई बॉलीवुड फिल्में नागा चैतन्य की फिल्म का बाल भी बांका नहीं कर पाईं। भारत में 40 करोड़ रुपये के करीब कमाने वाली थंडेल दुनियाभर में 100 करोड़ के करीब पहुंचने के लिए अपने कदम आगे बढ़ा रही है। थंडेल ने चार दिन के अंदर वर्ल्डवाइड एक शानदार कलेक्शन किया है। निर्माता के मुताबिक, गीता आर्ट्स् के बैनर तले बनी फिल्म ने चार दिन में वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 73.20 करोड़ रुपये कर लिया है। इस जानकारी के साथ मेकर्स ने लिखा है कि वैलेंटाइन वीक में ब्लॉकबस्टर थंडेल ने बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा जारी रखा। नागा चैतन्य और साई पल्लवी की फिल्म वर्ल्डवाइड के साथ-साथ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी खूब नोट छाप रही है। हम थंडेल की तुलना पुष्पा 2 के साथ नहीं कर सकते हैं, क्योंकि पुष्पा की सबसे ज्यादा कमाई हिंदी भाषा में हुई थी, जबकि थंडेल हिंदी भाषा में एक करोड़ कमा पाने में भी असफल साबित हुआ।

# बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार की स्काई फोर्स का खेल खत्म, शाहिद कपूर की देवा की हालत पस्त

अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 18 दिन पूरे हो गए हैं और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। देशभक्ति से भरपूर इस फिल्म की कहानी दर्शकों को लुभा रही है। लोग इसकी भावुक कहानी से प्रेरित होकर सिनेमाघरों का रुख कर रहे हैं। हालांकि, अब स्काई फोर्स का कारोबार लाखों में सिमट गया है। आइए बताते हैं फिल्म ने 18वें दिन कितने लाख रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, स्काई फोर्स ने अपनी रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे सोमवार को 45 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 110.25 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है, वहीं दिनेश विजान इस फिल्म के निर्माता हैं। वीर पहाड़िया ने इस फिल्म के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। सारा अली खान भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं। बॉक्स ऑफिस पर स्काई फोर्स का सामना शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की फिल्म देवा से हो रहा है। इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर हाल-बेहाल है। जाह्नवी कपूर की बहन खुशी कपूर और आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म लवयापा भी इन दिनों सिनेमाघरों में लगी हुई है।

इसके अलावा हिमेश रेशमिया और प्रभु देवा की फिल्म बैडएस रविकुमार भी पहले दिन से ही टिकट खिड़की पर दर्शकों के लिए तरस रही है।

वहीं रोशन एंड्रयूज के निर्देशन में बनी फिल्म देवा को बीते 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसमें शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में दोनों की अदाकारी की तारीफ हो रही है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसका हाल बेहाल है।

यह दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम साबित हुई। अब इस फिल्म का कारोबार लाखों में सिमट गया है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, देवा ने अपनी रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 50 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 32.25 करोड़ रुपये हो गया है।

इस एक्शन ड्रामा में शाहिद ने एक दबंग पुलिसवाले का किरदार निभाया है। इसमें रोमांस का तड़का भी लगाया गया है।

इस फिल्म में पावेल गुलाटी ने भी अभिनय किया है। सिद्धार्थ रॉय कपूर इस फिल्म के निर्माता हैं।

## सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव की रिलीज तारीख जारी, 28 फरवरी को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

आने वाले दिनों में कई फिल्में दर्शकों का मनोरंजन करती दिखेंगी, जिनमें से एक सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव भी है। पिछले साल सितंबर में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जो दर्शकों की कसौटी पर खरा उतरा था। तभी से दर्शक फिल्म की रिलीज तारीख का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

अब मालेगांव के लड़कों की नई झलक जारी कर फिल्म के निर्माताओं और निर्देशक ने इसकी रिलीज तारीख का ऐलान भी कर दिया है।

यह फिल्म सिनेमाघरों के बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। प्राइम वीडियो ने अपने पोस्ट में लिखा, एक छोटे शहर से बड़े पर्दे तक, मिलिए मालेगांव के सुपरबॉयज से- एक ऐसी टीम जो सपने देखने की हिम्मत रखती है और उसे पूरा करने का साहस करती है।

फिल्म से आदर्श गौरव समेत सभी कलाकारों की नई झलकियां सामने आई हैं।

# खाने में ज्यादा तेल का इस्तेमाल करते हैं? जानें इससे जुड़े स्वास्थ्य जोखिम



तेल हमारे खान-पान का एक अहम हिस्सा है, लेकिन इसका अधिक सेवन सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है।

कई लोग यह नहीं जानते कि ज्यादा तेल खाने से शरीर पर क्या असर पड़ता है। अत्यधिक तेल का सेवन करने से वजन बढ़ने, दिल की बीमारियों का खतरा, पाचन तंत्र पर असर, त्वचा संबंधी समस्याएं और लिवर पर दबाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

इस लेख में हम इन पांच स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में बात करेंगे।वजन बढ़ने की समस्या

ज्यादा तेल का सेवन करने से शरीर में चर्बी जमा होती है, जिससे वजन बढ़ने की समस्या उत्पन्न होती है।

जब हम अपने भोजन में जरूरत से ज्यादा तेल का उपयोग करते हैं तो यह अतिरिक्त कैलोरी के रूप में शरीर में जमा हो जाता है। इससे न केवल वजन बढ़ता है बल्कि मोटापे जैसी समस्याएं भी पैदा होती हैं।

मोटापा कई अन्य बीमारियों जैसे मधुमेह और हृदय रोगों का कारण बन सकता है।

दिल की बीमारियों का खतरा

अत्यधिक तेल के सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है, खासकर अगर आप ट्रांस फैट या सैचुरेटेड फैट वाले तेलों का अधिक उपयोग करते हैं तो यह आपके कोलेस्ट्रॉल स्तर को बढ़ा सकता है और धमनियों को ब्लॉक कर सकता है।

इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए हमेशा स्वस्थ विकल्प चुनें जैसे कि जैतून या सरसों के तेल जिनमें अच्छे फैटी एसिड होते हैं।

पाचन तंत्र पर असर

ज्यादा तैलीय खाना पाचन तंत्र पर भी बुरा असर डालता है। यह पेट फूलना, अपच और एसिडिटी जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है क्योंकि भारी मात्रा में चर्बी पचाने में मुश्किल होती है।

इसके अलावा अत्यधिक तैलीय भोजन आंतों की गति को धीमा कर देता है, जिससे कब्ज जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

इसलिए हल्का और कम तैलीय खाना खाने की आदत डालनी चाहिए ताकि पाचन सही तरीके से काम करे और पेट संबंधी परेशानियां न हों।

त्वचा संबंधी समस्याएं

अत्यधिक तेलयुक्त भोजन त्वचा पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है जैसे मुंहासे और ऑयली स्किन की समस्या होना आम बात बन जाती हैं।

जब हम बहुत ज्यादा चर्बी युक्त खाना खाते हैं तो हमारी त्वचा पर सीबम का उत्पादन बढ़ जाता है, जिससे रोमछिद्र बंद होने लगते हैं, जिसके परिणामस्वरूप मुंहासे निकल आते हैं। साफ-सुथरी और चमकदार त्वचा पाने के लिए संतुलित आहार लेना बेहद जरूरी होता है।

लिवर पर दबाव

लिवर हमारे शरीर में मौजूद विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है।

जब हम अत्यधिक चिकनाई युक्त भोजन का सेवन करते हैं तो लिवर पर अनावश्यक दबाव पड़ता है। इससे लिवर संबंधी विकार उत्पन्न होने की संभावना बढ़ जाती है।

# तेज आवाज में संगीत सुनने की आदत? जानें कैसे ये कानों को पहुंचा सकता है नुकसान



संगीत सुनना एक आम शौक है, लेकिन जब हम इसे बहुत तेज आवाज में सुनते हैं तो यह हमारे कानों के लिए हानिकारक हो सकता है।

आजकल युवाओं में हेडफोन और ईयरबड्स का उपयोग बढ़ गया है, जिससे कानों पर दबाव बढ़ता है।

इस लेख में हम जानेंगे कि तेज आवाज में संगीत सुनने से हमारे कानों को क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं और इससे बचने के उपाय।

सुनने की क्षमता पर असर

तेज आवाज में संगीत सुनना हमारी सुनने क्षमता को प्रभावित कर सकता है।

जब हम लंबे समय तक ऊंची ध्वनि स्तर पर संगीत सुनते हैं तो हमारे कान के अंदर की नाजुक कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। इससे धीरे-धीरे हमारी सुनने की क्षमता कम होने लगती है।

कई बार लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है। इसलिए जरूरी है कि हम अपने हेडफोन या ईयरबड्स का उपयोग संतुलित ध्वनि स्तर पर करें।

टिनिटस का खतरा

टिनिटस एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें व्यक्ति को लगातार कानों में घंटी बजने जैसी आवाज महसूस होती रहती है।

यह समस्या अक्सर उन लोगों में देखी जाती है, जो लंबे समय तक तेज आवाज में संगीत सुनते हैं।

टिनिटस से पीड़ित व्यक्ति को नींद आने में दिक्कत होती है और ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है। इस समस्या से बचने के लिए हमें अपने हेडफोन या ईयरबड्स का उपयोग सीमित समय तक करना चाहिए।

मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

तेज आवाज का सीधा असर हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। लगातार ऊंची ध्वनि स्तर पर संगीत सुनना तनाव और चिंता जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है। इसके अलावा इससे नींद की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है, जिससे दिनभर थकान महसूस होती रहती है। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए हमें अपनी आदतों पर ध्यान देना होगा और जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ से सलाह लेनी होगी।

सामाजिक जीवन पर प्रभाव

जब हम हमेशा हेडफोन या ईयरबड्स लगाए रहते हैं तो हमारा सामाजिक जीवन भी प्रभावित होता है।

दोस्तों और परिवार के साथ बातचीत करने की बजाय हम खुद को अलग-थलग कर लेते हैं, जिससे रिश्ते कमजोर होते जाते हैं।

इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर तेज आवाज में संगीत सुनना दूसरों के लिए असुविधाजनक हो सकता है, जिससे सामाजिक संबंध बिगड़ सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -325


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लौंग, प्रज्ञा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 324 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना हनुमानताल में मोह. जाबिर उम्र 45 वर्ष निवासी गुरंदी दिलवार होटल के पीछे बेलबाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बेल्डिंग का काम करता है अपने लड़के निशार को टिफिन देने फूटाताल चौक में पोशाक टेलर की दुकान गया था जहां उसका बेटा काम करता है उसके लड़के निशार का विवाद दिन में लगभग 2-30 बजे फूटाताल मैदान में अदनान, और इमरान और उनके साथी से मोटर सायकल में टक्कर लगने के कारण हुआ था उसके बाद उसका बेटा जहां काम करता है वहां आ गया था



# सीएम हेल्पयलाईन में सभी विभाग अपने-अपने ग्रेडिंग को सुधारें - सीईओ जिला पंचायत





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत की अध्यरक्षता में आज सीएम हेल्पतलाईन से प्राप्तध शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की गई। इस दौरान सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंनि सभी विभागों की सीएम हेल्पालाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पालाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। निम्न गुणवत्ता से बंद किये गये सभी शिकायतों को देखें, साथ ही 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्तर नहीं होगी। सीएम हेल्प लाईन के निराकरण से ही जिले की रैंकिंग बनती है अत- इस दिशा में सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रकरणों की निराकरण के लिये लोगों से बात करें, मांग आधारित शिकायत जो 50 दिन के ऊपर हैं उन्हें बंद किया जाये। नॉन अटेंडेंट और निम्न गुणवत्ता के साथ बंद किये गये शिकायतों पर संबंधित विभाग के अधिकारी के एक दिन का वेतन काटा जाये। साथ ही कहा कि ऊर्जा, नगरीय विकास, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षक विभागों की बैठकें अलग से कर शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें क्योंकि इन विभागों में अपेक्षाकृत अधिक शिकायतें है। बैठक में उन्होंने मुख्य रूप से ग्रेडिंग की समीक्षा की और कहा कि सभी विभाग अपने-अपने ग्रेडिंग को सुधारें।

# अज्ञात के विरूद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना लार्डगंज में 21 वर्षिय युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई वह कालेज में पढाई कर रही है दिनांक 4-2-25 को वह अपने घर में थी दोपहर लगभग 12 बजे उसके मोबाइल पर कॉल आया फोन करने वाले ने बताया कि मैं आपके कॉलेज से अमित सर बोल रहा हूॅ आपकी फीस पूरी जमा नहीं है तो उसने कहा कि मैने आवेदन दिया है कि मार्च तक पूरी फीस जमा कर दूंगी, फोन करने वाले ने कहा कि परीक्षा में दिक्कत हो जायेगी आपका आवेदन पत्र अपलोड हो जायेगा आपके पास वेरी फिक्रेशन कोड आयेगा वह बता दीजिये, तभी उसके मोबाइल पर ओटीपी आया तो उसने उक्त ओटीपी बता दिया जिसके बाद उसका व्हाटसएप हैक हो गया उसका व्हाटसएप हेक होने के बाद हैकर द्वारा उसके दोस्तों को उसके व्हाटसएप से मैसेज किया गया कि मुझे पैसों की जरूरत है और हेकर द्वारा दोस्तों को स्केनर भेजा गया जो दोस्त आयुष साहू ने अपने खाते से 2 हजार रूपये, अभिषेक चौधरी ने 18 हजार रूपये, दीपक विश्वकर्मा ने 2 हजार रूपये, दीपाली ने अपने भाई के खाते से 500 रूपये, स्वेता सिंह ने 2 हजार रूपये यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर किये।

किसी अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा स्वयं का कालेज का सर होना बताकर आवेदन पत्र अपलोड करने का कहते हुये ओटीपी नम्बर पूछकर उसका व्हाटसएप हैक कर उसके दोस्तों को उसके नाम से रूपयो की जरूरत होने का मैसेज कर रूपये उसके दोस्तों से 24 हजार 500 रूपये आनलाईन ट्रांसफर करवाकर धोखाधड़ी की गई है। रिपोर्ट पर धारा 318, 319(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**टैक्टर चुराने वाले अज्ञात आरोपी की तलाश**

थाना सिहोरा में रात महेन्द्र कुमार लोधी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम गौरहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि खेती किसानी करता है फार्मटेऊक्र कम्पनी का नीले रंग का टेऊक्टर खितौला आईसीआईसी बैंक से फायनेंस कराया था टेऊक्टर का रजिस्टेऊन एंव बीमा उसे नहीं मिला है जिसकी एक किस्त जमा हो चुकी है दूसरी किश्त आने वाला है दिनांक 13-2-25 को वह अपना फार्मटेऊक्र कम्पनी का नीलें रंग का न्यू ट्रेक्टर से भूति बर्मन के खेत के जुताई करने के लिये गया था

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (GIS) के लिये जबलपुर चेम्बर के सुझाव

जबलपुर। भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिये जबलपुर चेम्बर द्वारा निम्न सुझाव मुख्यमंत्री को भेजे गये हैं।

चेम्बर द्वारा भेजे गए सुझाव निम्नानुसार हैं-

(1) प्रदेश में जबलपुर इन्दोर, भोपाल और ग्वालियर में औद्योगिक विकास प्राधिकरण का गठन किया जाये।

(2) म. प्र. का औद्योगिक मास्टर प्लान बनाया जाये।

(3) एक जिला एक उत्पाद को प्राथमिकता दि जाए। प्रत्येक जिले में क्लस्टर बनाया जाए। ताकि इन उत्पादों को प्राथमिकता मिले।

(4) उद्योगों में लगने वाली अनुमति (ह्लह्ष्ट) कम से कम कि जाए। पर्यावरण, फायर, लेबर एक्ट जैसे विभागों की ह्लह्ष्ट सरकार दिलाये।

(5) प्रत्येक जिले में स्टार्टअप भवन बने।

चेम्बर अध्यक्ष प्रेम दुबे, कमल ग्रोवर, अजय बख्तावर, अजय अग्रवाल, नरिन्दर सिंह पांधे, अनिल अग्रवाल (सीए), अभिषेक ओसवाल, जितेन्द्र पचौरी, राकेश श्रीवास्तव, दीपक सेठी, जुगल किशोर तिवारी, शशिकांत पांडेय, धनंजय बाजपेयी, कर सलाहकार विजय अग्रवाल, उमेश ग्रावकर आदि ने चेम्बर द्वारा प्रेषित सुझावो को शामिल करने का आग्रह किया है।

## नवनियुक्त आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

जबलपुर- शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय गौरीघाट में नवनियुक्त आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज शुक्रवार को संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ एस एल अहिरवाल ने बताया कि साढे तीन माह के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा

# कृषि स्थाई समिति की बैठक संपन्न



जबलपुर- कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष श्री मनोहर सिंह की अध्यक्षता में आज कृषि अभियांत्रिकी विभाग के कौशल विकास केन्द्र अधारताल में बैठक आयोजित की गई। जिसमें उपसंचालक डॉ. एस. के निगम द्वारा विभागीय योजनाओं के संचालन एवं क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी साझा की। सहायक कृषि यंत्री श्री एन.एल. मेहरा द्वारा कृषि अभियांत्रिकी कौशल विकास केन्द्र में वर्तमान में संचालित कोर्स ट्रेक्टर मेकेनिक ऑपरेटर, हार्वेस्टर मेकेनिक ऑपरेटर, ड्रोन टेक्नीशियन प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही विभागीय योजनाओं में निजी कस्टम हायरिंग योजना, ई-कृषि यंत्र अनुदान योजना आदि के बारे में भी अवगत कराया गया। नरवाई प्रबंधन के लिये सुपरसीडर व हैप्पीसीडर पर चर्चा की गई तथा समिति के सदस्य श्री राजेश ठाकुर द्वारा व्हील टाईप हार्वेस्टर एवं किट पर अनुदान के लिये प्रस्ताव दिया गया। मतस्य विभाग के प्रभारी सहायक संचालक श्री तरूण पटेल द्वारा मछली पालने के लिये छीतापुरी सिंचाई जलाशय को व 10 वर्ष के लिये पट्टे पर दिये जाने, नव आधार महुआ आदिवासी विकास सहकारी समिति, आदिवासी मत्स्योद्योग सहकारी समिति परिया, गोड़वाना महुआ सहकारी समिति सरौली के लिये मत्स्यपालन पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। बैठक में पशुपालन, कृषि एवं मत्स्य विभाग के लक्ष्यों का अनुमोदन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष श्री सिंह द्वारा कृषि अभियांत्रिकी विभाग में संचालित कोर्स ट्रेक्टर मेकेनिक ऑपरेटर, हार्वेस्टर ऑपरेटर एवं ड्रोन टेक्नीशिन के प्रशिक्षण के लिये युवाओं को अधिक से अधिक लाभन्वित कराये जोने के लिये उपस्थित सभी सदस्यों से अपनी सहभागिता प्रदान करने की अपील की। इस अवसर पर सहायक संचालक कृषि श्री रवि आम्रवंशी एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी व प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

# मारपीट करने वाले आरोपियो की तलाश

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना खमरिया में मारपीट में घायल को उपचार हेतु मार्बल हास्पिटल में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुॅची पुलिस को बसंत लाल गोटिया उम्र 58 वर्ष निवासी गली नम्बर 8 खमरिया ने बताया कि वह घाना खमरिया मे रहता है ओएफक्र फैक्ट्री खमरिया में जे.डब्ल्यु.एम. के पद पर नौकरी करता है दिनांक 14-2-25 को दोपहर लगभग 12-40 बजे लंच के लिये पैसन प्रो मोटर सायकल से अपने घर जा रहा था जैसे ही पुरानी डिस्पेनसरी पास पहुॅचा तभी उसकी मोटर सायकल के सामने भुवन सोनी ने अपनी कार लाकर उसे रोका, भुवन सोनी एवं तीन अन्य साथी कार से उतरे, भुवन सोनी पुरानी रंजिश को लेकर जातिगत शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज करने लगा भुवन सोनी के साथी भी गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो भुवन सोनी ने डंडे से मारकर हाथ में चोट पहुॅचा दी भुवन के तीनों साथियों में से एक ने उसे पकड़ लिया तथा दूसरे व्यक्ति ने डंडे से पैर मे तथा तीसरे व्यक्ति ने हाथ मुक्को से मारपीट की तथा सभी जान से मारने की धमकी देते हुये कार मे बैठकर भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 296, 126(2), 115(2), 351(2) 3(5) बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)व्हीए एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना हनुमानताल में आज दिनांक 15-2-25 की रात्रि मोह. शहनवाज शाह उम्र 71 वर्ष निवासी पचकुईया हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कार डेंटिंग का काम करता है दिनांक 14-2-25 की रात्रि लगभग 10-30 बजे वह मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान से फूल चढ़ाकर आ रहा था जैसे ही रब्बानी दरगाह के पीछे पहुॅचा वहां पर राजा एवं राजा का साथी राजू मिले जो उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो दोनों गाली गलोज करने लगे राजू ने दाहिने हाथ का अंगूठा मोड़ दिया तथा हाथ मुक्कों से मारपीट किया , राजा ने चाकू से हमलाकर उसकी गर्दन के पीछे चोट पहुॅचा दी वह अपना बचाव करने के लिये वहां से भागा तो दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(2) 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# समाजसेवियों ने निर्धन नेत्रहीन कन्या का कराया विवाह



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सेवा का व्रत लेकर समाजसेवी सुनील कुमार तारे बंडू, भाजपा जबलपुर महानगर मंत्री रंजीत पटेल, ज्ञानदीप स्पर्श नेत्रहीन कन्या छात्रावास के संचालक शिवेंद्र सिंह के सयोंजन में रामलीला मैदान सदर से निर्धन नेत्रहीन कन्या का हर्षोल्लास के साथ हिंदू रीति रिवाज से विवाह कराया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने उपस्थित होकर वर वधु को अपना आशीर्वाद दिया।

संरक्षक सुनील कुमार तारे एवं समन्वय शिवेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि यह एक मात्र संगठन है जो दृष्टिबाधितों के लिए शिक्षा एवं पुर्नवास के लिए पिछले 51 वर्षों से निरन्तर कार्य कर रहा है। हम छात्र एवं छात्राओं की शिक्षा पुर्नवास एवं सामाजिक दायित्वों के साथ-साथ उनके वैवाहिक जीवन को भी सुनिश्चित करने का भी कार्य करते हैं शिक्षा रोजगार व विवाह इन तीनों ही दायित्वों का निर्वहन संगठन के द्वारा किया जाता है।

रंजीत पटेल ने बताया की वे अपने साथियों के साथ नेत्रहीन कन्या शाला में समय समय पर ज़रूरत की वस्तुएँ उपलब्ध कराते रहे है एवं उनके सतत सम्पर्क में रहकर वर्ष के सारे पर्व भी मनाते रहते है इसी कड़ी में आज छात्रावास में कटनी के रहने वाली बहन भन्नो का विवाह जबलपुर के रहने वाले नेत्रहीन भाई उमेश के संग परिणय सूत्र में बँधवाया एवं नेशनल फ़ेडरेशन ऑफ़ द ब्लाइंड के सदस्यों के साथ मिलकर परिवार के सदस्य की भांति बहन को घर गृहस्थी का सामान व जनउपयोगी वस्तुएं उपहार स्वरूप भेंट कर अपनी बहन को धूमधाम से विदा किया। इस अवसर पर निर्मल चोपड़ा, श्रीनिवास परांजपे, नीरज वर्मा, संतोष कुमार रुंगटा, श्रीमती ज्योति तारे, लालू जैन, आयुष चौबे, आकाश गुप्ता, अनिकेत चौरसिया, राहुल कनोजिया, सनी भसीन, कमल सिंह, शरद पटेल, मयंक मिश्रा, राज वर्मा, राहुल पटेल उपस्थित रहे।

## अपर कलेक्टंर ने ग्राम पिपरिया और सोनपुर का किया दौरा

जबलपुर-अपर कलेक्टंर श्री नाथूराम गोंड ने आज पटवारियों के कार्य प्रणाली का निरीक्षण करने के लिए ग्राम पिपरिया और सोनपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंणने ग्रामीणों से पटवारियों के संबंध में फीडबैक भी लिया। जिसमें अधिकांश लोगों ने कहा कि पटवारी समय पर राजस्वा कार्य करते हैं। मौके पर पटवारी भी मौजूद थे। अपर कलेक्टोर श्री नाथूराम गोंड ने पटवारियों से भी राजस्वम संबंधी कार्यों के बारे में चर्चा कर कहा कि फार्मर रजिस्ट्री , आधार से आरओआर लिंकिंग, नक्शां बटांकन तथा किसान ई-केवायसी इत्याकदि कार्य में लापरवाही बिल्कुेल बर्दाश्तर न करें।

**मप्र साहू समाज अध्यक्ष के आगमन पर सामाजिक बैठक संपन्न**

## साहू समाज की उड़ान पत्रिका का विमोचन 23 मार्च को

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। साहू समाज की प्रांतीय संस्था मप्र साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री द्वारका प्रसाद साहू का आगमन विगत दिनों हुआ। प्रदेश अध्यक्ष श्री द्वारका प्रसाद साहू ने जबलपुर आगमन साहू समाज के क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ जनों से भेंट की साथ ही समाज की बैठक संस्था के संरक्षक श्री आनंद साहू के गढ़ाफाटक स्थित आवास में आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि आगामी 23 मार्च को इंदौर में अखिल भारतीय युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा इस अवसर पर साहू समाज की पत्रिका उड़ान का विमोचन भी होगा। परिचय सम्मेलन में विवाह योग्य युवक युवती अधिक से अधिक पहुंचे इसके लिए क्षेत्रीय स्तर पर समाज के पदाधिकारियों को मेहनत करनी होगी। श्री द्वारका प्रसाद साहू ने सभी सामाजिक जनों से इस परिचय सम्मेलन के उपस्थित होने की अपील की है। इस अवसर पर सामाजिक बंधु, बहिने उपस्थित थे


# कौशल विकास योजनाओं एवं उद्योगों की आवश्यकता पर इंडस्ट्री एंड एकेडमिया कंसल्टेशन कार्यशाला संपन्न





जबलपुर-शासकीय संभागीय आईटीआई द्वारा शुक्रवार को आईटीआई में संचालित पाठ्यक्रमों एवं शासन की कौशल विकास योजनाओं तथा उद्योगों की आवश्यकता विषय पर एक दिन की इंडस्ट्री एंड एकेडमिया कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। होटल कलचुरि में आयोजित इस कार्यशाला में उद्योग संघों के पदाधिकारी श्री रवि गुप्ता, श्री मनीष पटेल, श्री हिमांशु खरे, श्रीमति अर्चना भटनागर, श्री डी आर जैसवानी, श्री मुनीन्द्र मिश्रा एवं विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि, उपसंचालक संचालनालय कौशल विकास बी एस पनिका, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विनीत रजक, उपसंचालक रोजगार एम एस मरकाम, प्राचार्य संभागीय आईटीआई जबलपुर सुनील ललावत और कौशल विकास संचालनालय भोपाल से शक्ति सिंह एवं प्रशांत भी उपस्थित थे।

कार्यशाला में व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर से जनरल मैनेजर कमलेश कुमार, रेलवे से सहायक कार्मिक अधिकारी सचिपति नंदन, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉ अशोक कुमार तिवारी ने आईटीआई से मिलकर क्रियान्वित की जा रही कौशल विकास योजनाओं की जानकारी प्रदान की। संभाग के नोडल आईटीआई, छिंदवाड़ा, कटनी एवं शासकीय आईटीआई कटनी के मध्य डीएसटी एवं फ्लेक्सी एमओयू संपादित किये गए तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिष्ठानों एवं नोडल टीपीओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उद्योग संघ के प्रतिनिधियों एवं कंपनी प्रतिनिधियों ने शासन की कौशल विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में कार्यशाला में अपने अनुभव साझा किये। कौशल विकास संचालनालय भोपाल से आये विशेषज्ञों द्वारा मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, डुअल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग, फ्लेसी एमओयू, युवा संगम, पीएम इंटर्नशिप योजना एवं कौशल विकास नीति के विभिन्न इनिशियेटिव्हस पर पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से इन योजनाओं के विभिन्न आयामों का विस्तृत विवरण दिया गया तथा प्रश्न-उत्तर सत्र में उद्यमियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यशाला का संचालन प्लेसमेंट अधिकारी ललित कुमार डेहरिया ने एवं आभार प्रदर्शन उप संचालक बी एस पनिका ने किया।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना सिहोरा में महेन्द्र कुमार लोधी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम गौरहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि खेती किसानी करता है फार्मटेक्क कम्पनी का नीले रंग का टेक्क्टर खितौला आईसीआईसी बैंक से फायनेंस कराया था टेक्क्टर का रजिस्टेज्ञ एंव बीमा उसे नहीं मिला है जिसकी एक किस्त जमा हो चुकी है दूसरी किश्त आने वाला है वह अपना फार्मटेक्क कम्पनी का नीलें रंग का न्यू ट्रेक्टर से भूति बर्मन के खेत के जुताई करने के लिये गया था जुताई करने के बाद गंजताल वाले उसके खेत में पानी लगाने के लिये ट्रेक्टर से दोपहर लगभग 1-30 बजे आया था उसके



# समझौता नहीं करने पर लिखवाई थी गोली मारने की रिपोर्ट

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना माढ़ोताल में शाम गोली लगने से घायल को मेडिकल कालेज लाये जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को अशोक वंशकार उम्र 30 वर्ष निवासी सिद्धबाबा साहू मोहल्ला ने बताया था कि रेत गिट्टी सप्लाई का काम करता है दिंनाक 28-11-24 को नीरज तिवारी से एक डम्फर गिट्टी बरझैया पनागर की साईड में गिराने की बात सात हजार रूपये मे हुयी थी । दिनांक 29-11-24 को नीरज तिवारी एक डम्फर गिटटी बरझैया पनागर की साईड में पहुँचाया था उसे मोबाइल से बताया और पैसे देने को कहते हुये बोला तब गिट्टी गिरेगी, उसने कहा कि गिट्टी गिरा दो मैं पैसे दे दूंगा तभी फोन पर नीरज तिवारी गाली गलौज करने लगा और गिट्टी का डम्फर वापस करवा दिया वह पैसे लेने घर गया तो नीरज तिवारी उसे मोबाइल पर बोला कि आस्था ढाबा कटंगी वायपास पहुँच, वह आस्था ढाबा के सामने पहुँचा वहां पर नीरज तिवारी, मोहित राजपूत के साथ मोटर सायकल में आया, दोनो उसे गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो नीरज तिवारी ने कमर से पिस्टल निकालकर उसे जान से मारने की नियत से उसके उपर गोली चला दिया वह अपने आपको बचाते हुये झुक गया तो गोली वायें हाथ में लगी, वह वहीं पर गिर गया था



रिपोर्ट पर धारा 296, 109;1द्ध 3;5द्ध बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा घटित हुई घटना को गम्भीरता से लेते हुये आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेशित किये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आनंद कलादगी (भा.पु.से.), एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध श्री प्रदीप कुमार शेण्डे, नगर पुलिस अधीक्षक माढोताल श्री बी एस गोठरिया के मार्गनिर्देशन में क्राईम ब्रांच एवं थाना माढोताल की टीम गठित कर लगायी गयी। थाना प्रभारी माढोताल श्री नीलेश दोहरे एवं क्राईम ब्रान्च की टीम द्वारा नीरज तिवारी, मोहित राजपूत से सघन पूछताछ की गई । भौतिक साक्ष्यों के आधार पर पाया गया कि मोहित राजपूत एवं नीरज तिवारी दिनांक घटना के समय मे घटना स्थल पर मौजूद नही थे। प्रकरण संदेहास्पद प्रतीत होने पर गंभीरता से लेते हुए प्रकरण से संबंधित सभी व्यक्तियों पर निगाह रखी गयी, जिस पर पाया गया कि मोहित राजपूत द्वारा राजा पाण्डेय के भतीजे विवेक उर्फ चूहा पाण्डेय के विरूद्ध हत्या के प्रयास की रिपोर्ट थाना अधारताल मे लेख करायी गई थी रिपोर्ट पर विवेक उर्फ चूहा पाण्डेय जेल मे निरूद्ध है । उक्त मामले पर विवेक के चाचा राजा पाण्डेय एवं भाई विशाल उर्फ दरौगा पाण्डेय द्वारा मोहित राजपूत को समझौता करने हेतु बोला गया जिसके नही मानने पर, विवेक उर्फ चूहा पाण्डेय के भाई दरोगा उर्फ विशाल पाण्डेय एवं उसके चाचा राजा पाण्डेय व परिचित के राजा वंशकार व अमन द्वारा षड़यंत्र रचकर मोहित राजपूत एवं नीरज तिवारी के विरूध हत्या के प्रयास की झूठी रिपोर्ट थाना माढोताल मे लेख करायी गई । विवेचना दौरान संदेही दरोगा उर्फ विशाल पाण्डेय जो कि थाना पनागर से अवैध वसूली के प्रकरण में फरार था तथा थाना पनागर मे अवैध हथियार के साथ पकड़े जाने पर, पूछताछ करने पर पूर्व में मोहित राजपूत द्वारा की गई रिपोर्ट पर भाई विवेक उर्फ चूहा के जेल मे होने की बात की पुष्टी की गई व समझौता न करने पर अपने चाचा राजा पाण्डेय परिचित के राजा वंशकार, अशोक वंशकार एवं अमन ठाकुर के साथ मिलकर षड़यंत्र रचकर मोहित राजपूत एवं नीरज तिवारी को हत्या के प्रयास मे अशोक वंशकार द्वारा झूठी रिपोर्ट थाना माढोताल मे कराया जाना पाया गया । अशोक वंशकार से घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकिल क्र एमपी 20 एमजी 9937 एवं मोबाईल तथा आरोपी दरोगा उर्फ विशाल वंशकार से घटना मे प्रयुक्त पिस्टल एवं मोबाइल जप्त करते हुये दोनो को विधिवत गिरफ्तार कर शेष आरोपियों की तलाश जारी है। उल्लेखनीय भूमिका- आरोपियों को पकडने में थाना प्रभारी माढोताल नीलेश दोहरे, थाना प्रभारी अपराध श्री शैलेष मिश्रा के निर्देशन में थाना माढोताल के उप निरीक्षक गणपत मर्सकोले, सहायक उप निरीक्षक विजय शुक्ला प्रधान आरक्षक शिवेन्द्र, अजय, आरक्षक विवेक, अरूण, शशि प्रकाश, सचिन, दिलीप , क्राईम ब्रान्च के सहायक उप निरीक्षक कैलाश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक सतोष पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक मोहन तिवारी, प्रधान आरक्षक मोहन थापा, हितेन्द्र रावत, अखिलेश पाण्डेय, रूस्तम, आरक्षक प्रमोद सोनी, रंजीत एवं सायबर सेल के सहायक उप निरीक्षक कपूर सिंह, प्रधान आरक्षक अमित पटेल, की सराहनीय भूमिका रही ।

# वैलेंटाइन-डे के विरोध में ये कैसा विरोध, हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने बंद गार्डन में तालाबंदी की



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जबलपुर में प्रचार पाने के लिए हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने बंद पार्क में जाकर प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की. हिंदू सेवा परिषद के कार्यकर्ता शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे शहर के भंवरताल पार्क पहुंचे. यहां वैलेंटाइन-डे के खिलाफ प्रदर्शन किया.प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पहले से ही बंद पार्क में लगे ताले को बंद करते हुए फोटो खिंचवाई और चले गए, जबकि पार्क सुबह 9 बजे बंद हो जाता है और फिर दोपहर में साढ़े 12 बजे खुलता है. इसके बाद भी कार्यकर्ता उस समय प्रदर्शन करने पहुंचे, जब पार्क में ताला लगा हुआ था. हिंदू सेवा परिषद ने वेलेंटाइन डे के विरोध में भंवर ताल पार्क में ताला बंदी कर दी. कार्यकर्ताओं ने धरना देकर नारेबाजी भी की. हिंदू सेवा परिषद के अतुल जैसवानी ने कहा कि वेलेंटाइन डे पर पार्कों में प्रेमी जोड़ों द्वारा अश्लील गतिविधियां की जाती हैं, जिसे रोकने के लिए यह कदम उठाया है. 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में 44 जवान शहीद हुए थे, इसलिए इस दिन शहीदों को श्रद्धांजलि दी जानी चाहिए. इस दिन को मातृ-पितृ दिवस के रूप में मनाया जाए. अगर कोई प्रेमी जोड़ा पार्क में दिखाई देता है, तो उन्हें पश्चिमी सभ्यता छोड़कर भारतीय संस्कृति अपनाने की सलाह दी जाएगी.

# जुए के फड़ों पर छापा, 21 जुआडी गिरफ्तार

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना प्रभारी लार्डगंज श्री हरिकशन आटनेरे ने बताया कि रात्रि मुखबिर से सूचना मिली कि मछरहाई मजार के पास कुछ लोग रूपये पैसों की हारजीत का दाव लगाकर ताश पत्तों से जुआ खेल रहे हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपये पैसों की हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते मिले जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपने नाम क्रमश: राजेन्द्र अग्रवाल निवासी अंधेरदेव , बाबू सलाम मंसूरी निवासी रद्दी चौकी पसियाना गोहलपुर, मुमताज अंसारी निवासी नई बस्ती गोहलपुर, बहादुर चक्रवर्ती निवासी आशानगर अधारताल बताये, जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते एवं 10 हजार 600 रूपये जप्त करते हुये धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय भूमिका- जुआरियो को पकडने में सहायक उप निरीक्षक संतराम बागरी, प्रधान आरक्षक महेश उइके, आरक्षक हरिकृष्ण इनवाती तथा पुलिस लाईन प्रधान आरक्षक शिवशंकर द्विवेदी, आरक्षक सफीक की सराहनीय भूमिका रही। थाना प्रभारी कटंगी श्रीमति पूजा उपाध्याय ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम थूहा में मुन्ना सिंह के घर के पीछे कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर

## अकाल मृत्यु

जबलपुर. थाना घमापुर में राजेन्द्र प्रसाद गुहेरा उम्र 66 वर्ष निवासी सिंधी सिंगल क्वाटर लालमाटी ने सूचना दी कि वह सीओडी फैक्ट्री से रिटायर्ड है आज सुबह लगभग 6-45 बजे उसने देखा उसका बड़ा लड़का सीमान्त गुहेरा उम्र 37 वर्ष कमरे में पंखे से लटका हुआ था फांसी लगा लिया है जिसे तुरंत उतारकर देखा मृत्यु हो चुकी थी सीमान्त गुहेरा अत्याधिक शराब पीने का आदी था तथा पूर्व में भी कई बार फासी लगाने का प्रयास कर चुका

# अवैध हथियार सहित 3 आरोपी गिरफ्तार, 3 पिस्टल एवं 1 कारतूस तथा कार जप्त

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** क्राईम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध वसूली के प्रकरण में फरार आरोपी विशाल पाण्डे उर्फ दरोगा बम्हनौदा वायपास बस स्टेण्ड के पास कार में बैठा है जो अपने पास अवैध रूप से पिस्टल रखे हुये किसी घटना को करने की फिराक में है, सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना पनागर की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई मुख्बिर के बताये हुलिये का युवक पुलिस को देखकर अपनी कार छोड़कर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम विशाल पाण्डे उर्फ दरोगा उम्र 25 वर्ष निवासी पटैल नगर महाराजपुर वेलकम कालोनी के पास थाना अधारताल बताया, तलाशी लेने पर कमर में सामनें तरफएक देशी पिस्टल खोंसे मिला आरोपी विशाल पाण्डे उर्फ दरोगा के कब्जे से एक देशी पिस्टल एवं कार क्रमांक एमपी 20 सीएम 4759 जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध थाना पनागर में धारा 25, आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर कुसनेर ब्रिज के नीचे रैपुरा मे दबिश देते हुये राजेन्द्र उर्फ भूरा यादव उम्र 41 वर्ष निवासी बंधा हरदुआ थाना सिहोरा को एक देशी पिस्टल कमर में खोंस एक कारतूस जेब में रखे हये पकडा गया। आरोपी के विरूद्ध थाना पनागर में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर बम्हनौदा रोड़ में दबिश देते हुये राहुल चौधरी उर्फछोटे सरकार उम्र 22 वर्ष निवासी महगवां परियट को एक देशी पिस्टल के साथ रंगे हाथ पकडा गया । आरोपी से पिस्टल जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# फर्जीवाड़ा कर पिता-पुत्र ने 14 एकड़ भूमि अपने नाम कराई

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** शहपुरा थाना पुलिस ने लार्डगंज निवासी एक पिता-पुत्र पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है। इन आरोपियों ने एक वृद्धा की 14 एकड़ जमीन को फर्जीवाड़ा कर अपने नाम करा लिया था। इतना ही नहीं जालसाजी करने के लिए आरोपियों ने कुछ फर्जी लोगों को भी प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष खड़ा कर बाद में बैंकों से लोन भी ले लिया था। पुलिस के अनुसार अनुराग मधुसूदन आचार्य और उनकी मां रेखा के नाम पर ग्राम नटवारा सुरई में 14 एकड़ जमीन थी। वे दोनों कुछ माह पूर्व मुंबई गए हुए थे। उसी दौरान रानीताल चौक निवासी विजय गोंटिया और उसके बेटे यश गोंटिया ने एक वृद्धा को रेखा तथा एक व्यक्ति को अनुराग आचार्य बनाकर प्रशासनिक अधिकारियों के सामने पेश कर दिया। यह भी पढ़े -कमर्शियल बिल्डिंग में बेसमेंट की जांच बंद, फिर होने लगा पार्किंग का दुरुपयोग इस दौरान उनके फर्जी दस्तावेज दिखाकर उक्त आरोपियों ने जमीन को अपने नाम पर करा लिया। तत्पश्चात आरोपियों ने जमीन को दो बैंकों में गिरवी रखकर वहां से लोन ले लिया था। फौती नामांतरण के बाद खुला राज कुछ माह पूर्व रेखा की मौत हो गई, जिसके बाद अनुराग ने नवम्बर 2024 को जमीन का फौती नामांतरण अपने नाम पर कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष आवेदन दिया। इस पर मालूम हुआ कि यह जमीन तो विजय और यश के नाम पर है, तब अनुराग ने मामले की शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से की। यह भी पढ़े -कमर्शियल बिल्डिंग में बेसमेंट की जांच बंद, फिर होने लगा पार्किंग का दुरुपयोग इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने जांच शुरू की, तब पटवारी से पूछताछ कर उसके बयान लिए गए और उनके सामने अनुराग को लाया गया तो पटवारी भी हैरान रह गया। इसके बाद मामला साफ होने पर आरोपी विजय और उसके बेटे यश पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## अज्ञात के विरूद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

**जबलपुर-** थाना लार्डगंज में हरीश कुमार बुधरानी उम्र 48 वर्ष निवासी गंजीपुरा ने लिखित शिकायत की कि दिनांक 30-8-24 को उसके मोबाइल मे वर्क फार होम टेलीग्राम ऐप पर विज्ञापन आया जिसमें क्लिक करके उसके द्वारा लगभग 10-12 बार यूपीआई के माध्यम से 1 लाख 96 हजार रूपये भेजे गये, पैसे भेजने के बाद उससे पुन: 20 प्रतिशत रूपये और मांगे गये तब उसे ज्ञात हुआ कि उसके साथ सायबर ठगी हो गयी है

# घरेलू गैस सिलेण्डर को ब्लेक में बेचकर अवैध व्यवसाय करने वाला गिरफ्तार

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना प्रभारी ग्वारीघाट श्रीमति संगीता सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि रेतनाका के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से घरेलू एलपीजी सिलेण्डर मोटर सायकल में रखकर रेतनाका की तरफआ रहा है जो अवैध रूप से घरेलू एलपीजी सिलेण्डर बेचकर अवैध व्यापार करता है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई रेतनाका मोड़ पर मेन रोड रेतनाका मे एक व्यक्ति घरेलू एलपीजी एचपी कम्पनी के गैस सिलेण्डर मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन वाई 5111 में पीछे सिलेण्डर के लोहे के फ्रेम में रखे हुये आता दिख जिसे घेराबंदी कर रोककर नाम पता पूछने पर अपना नाम विनय चक्रवर्ती उम्र 29 वर्ष निवासी इद्रांनगर गुप्तेश्वर गढ़ा बताया गैस सिलेण्डरों के संबंध मे पूछने पर अलग अलग हाकरों से लेकर 4 नग सिलेण्डर खरीदकर बिना कार्ड धारकों को बेचने के लिये लेकर जाना बताया। आरोपी द्वारा अति ज्वलनशील घरेलू गैस सिलेण्डर बिना दस्तावेज के ब्लेक में बेचकर अवैध व्यवसाय कर अवैध लाभ कमाते पाये जाने पर कब्जे से भारत कम्पनी के 3 नग भरे एवं भारत कम्पनी का एक नग खाली घरेलू गैस सिलेण्डर एवं गैस सिलेण्डर विक्रय के नगदी 900 रूपये तथा परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन वाई 5111 जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 12.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री केदारनाथ बेन, पिता- जुग्गे लाल बेन** ने भवन/क्रमांक 670 **वार्ड खेरमाई वार्ड,** भूतल 544 व.फु. खपरैल, 1544 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 234 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 670 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-08 भानतलैया**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 12.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. मो. सलीम, 2. मो. नसीस, 3. मो. मुबीन, 4. मो. नईम आसिफ, 5. मो. मुईन आसिफ, पिता- स्व. श्री मो. बाबू आसिफ** ने भवन/ क्रमांक 1676 **वार्ड मौ.अ.क.आ. वार्ड,** भूतल 2600 व.फु. 140 व.फु. कमर्शियल, प्रथमतल 500 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1676 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-08 भानतलैया**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10, रांझी नगर निगम जबलपुर

पत्र क्रं. -102, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 14.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री किरण होमकर, पिता- स्व. श्री शंकर राव** ने मकान नं. 2784 पिन नं. 1000600026 **वार्ड चन्द्रशेखर आजाद वार्ड,** भूतल 950 व.फु., प्रथमतल 450 व.फु. , **आधार कार्ड, विक्रय पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामी- श्री कृष्ण गोपाल वेद, पिता- श्री मथुरा दास वेद, मकान नं. 2784 पिन नं. 1000600026 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-10 रांझी**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6, नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/289 जबलपुर दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री दीपक मल्होत्रा, पिता श्री राजेन्द्र मल्होत्रा** ने खसरा नं. 8/1 **वार्ड राजीव गांधी** पिन नं. 1000350552, क्षेत्रफल 1000 व.फु., भूतल 800 व.फु., प्रथम तल 300 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6, नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/288 जबलपुर दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती गुलाब बाई झारिया, पति- श्री राम सहाय झारिया,** ने मकान नं. 3734/104 **वार्ड डॉ. राम मनोहर लोहिया,** पिन नं. 1000354230, क्षेत्रफल 840 व.फु., भूतल 840 व.फु., प्रथमतल 700 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6, नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/286 जबलपुर दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सचेन्द्र कुमार जैन, पिता- दीपचन्द्र जैन** ने मकान नं. 3131/एल.आई.जी. 380 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय,** पिन नं. 1000352414, क्षेत्रफल 452 व.फु., भूतल 452 व.फु., प्रथमतल 225 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6, नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/285 जबलपुर दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती अणिमा पाण्डेय, पति- श्री सचिन पाण्डेय** ने मकान नं. पी.नं. 278 **वार्ड राजीव गांधी,** पिन नं. 1000350924, क्षेत्रफल 1500 व.फु., **वसीयतनामा, न्यायलय आदेश कापी** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6, नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/287 जबलपुर दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सौरभ सिंघई, पिता- श्री अशोक कुमार सिंघई** ने मकान नं. प्लाट नं. 520 **वार्ड डॉ. राममनोहर लोहिया,** पिन नं. 1000354788, क्षेत्रफल 1200 व.फु., भूतल 1000 व.फु.कामर्शियल, 200 व.फु. रहवास स्वयं, प्रथमतल 1200 व.फु. रहवास, **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6, नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/284 जबलपुर दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री हीरालाल यादव, पिता- स्व. श्री गोकुल प्रसाद यादव, एवं श्रीमती प्रेमलता यादव, पति- श्री हीरालाल यादव** ने मकान नं. 785/बी **वार्ड राजीव गांधी,** पिन नं. 1000349522, क्षेत्रफल 880 व.फु., भूतल 700 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, विकास प्राधिकरण आदेश की कापी, रजिस्ट्री कापी,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6, नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/283 जबलपुर दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री हीरालाल यादव, पिता- स्व. श्री गोकुल प्रसाद यादव, एवं श्रीमती प्रेमलता यादव, पति- श्री हीरालाल यादव** ने मकान नं. 785/बी **वार्ड राजीव गांधी,** पिन नं. 1000349360, क्षेत्रफल 1276 व.फु., भूतल 1276 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, विकास प्राधिकरण आदेश की कापी, रजिस्ट्री कापी,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6, नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/282 जबलपुर दिनांक 14.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सुनीता साहू, पति- स्व. श्री सुरेन्द्र साहू** ने मकान नं. एल.आई.जी. 286 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय,** पिन नं. 1002149362, क्षेत्रफल 452 व.फु., भूतल 450 व.फु., प्रथमतल 450 व.फु. , **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999